तापमान
अधिकतम :33⁰C
न्यूनतम: 22⁰C

सेंसेक्स 80,951.99
निफ्टी 24,609.70

सोना 98,145
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 23 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 202 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# उप्र में आंधी-तूफान ने बरपाया कहर, 58 की मौत

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिला की गर्दन कटी, राजस्थान में 48 डिग्री पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे, 31 राज्यों में अलर्ट जारी

**मौसम विभाग** ने राजस्थान, व मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 20 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली- एनसीआर में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई थी और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे थे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए थे। आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुई। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा।



# ईडी कर रहा सारी हदें पार: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शराब की दुकानों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के खिलाफ धन शोधन जांच पर रोक लगाते हुए गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर कथित 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी जांच की अनुमति देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आपका ईडी सारी हदें पार कर रहा है। आपका कार्यालय किसी निगम -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है: मोदी

**जयपुर/बीकानेर, वार्ता**

■ न ट्रेड न टॉक, अब बस पीओके पर होगी बात: पीएम
■ पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है
■ कहा: कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इन सभी रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा कि हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चुरु में मैंने -शेष पृष्ठ दो पर



# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं: विदेश मंत्री



■ कश्मीर मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू-कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।

नीदरलैंड की यात्रा पर गए जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू-कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है, जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

## मेडिकल संस्थानों को नीट-पीजी में फीस डिटेल्स देनी होगी

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉकिंग पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है, तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।



## वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

## मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र पासी ढेर

**बाराबंकी।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार को पासी गैंग के सरगना ज्ञान चंद्र पासी को एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। हालांकि इसके दो साथी मौके से फरार हो गए। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपये का इनाम था। गौरतलब है कि सोमवार को इसी गैंग के साथी को गोंडा में एनकाउंटर में मार गिराया गया था। घायल ज्ञानचंद्र पासी को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र तीस साल से अपराध क्षेत्र में सक्रिय था। उसका आपराधिक इतिहास करीब 70 मुकदमों का है। इनमें हत्या, लूट, चोरी व फिरौती जैसे मामले हैं।

## आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## सलमान खान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

**मुंबई।** सलमान खान को लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी मिली है। सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जितेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है।

# पाक ने बदले में की भारतीय राजनयिक पर जवाबी कार्रवाई

■ भारतीय उच्चायोग कर्मचारी को देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद।** भारत के दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने जवाबी कदम उठाते हुए यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित कर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित कर्मचारी को विशेषाधिकार से विपरीत गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को विदेश मंत्रालय में बुलाकर उसे सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया है। इस राजनयिक को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।

## सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 6 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था।

# विचारधारा के चलते किसी को जेल में नहीं डाल सकते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हम यह चलन देख रहे: सुप्रीम कोर्ट
RSS नेता हत्या मामले में आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाला जा सकता।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता की हत्या के आरोपी को जमानत देते हुए की। सुनवाई के दौरान नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा कि विचारधारा गंभीर अपराधों की ओर ले जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप किसी को उसकी विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाल सकते। हम यह चलन देख रहे हैं। किसी ने एक खास विचारधारा अपना ली, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। साल 2022 में केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या हुई थी। मामले में प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की केरल यूनिट के तब के महासचिव अब्दुल साथर को आरोपी बनाया गया है।








## संक्षिप्त समाचार

### अब एक जिले में तैनात हो सकेंगे पुलिस दंपति

**लखनऊ।** यूपी पुलिस की नौकरी कर रहे हैं पति-पत्नी को एक ही जिले में नौकरी करने का अवसर यूपी डीजीपी ने प्रदान किया है। पुलिस में वह दंपति जो अलग-अलग जिलों में ड्यूटी कर रहे हैं, उनको कई तरीके की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चाहे पारिवारिक दिक्कतें हो या व्यवहारिक। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इन तमाम समस्याओं को देखते हुए शासन की तबादला नीति के अनुरूप दंपति को एक ही जिले में तैनाती दिए जाने का निर्देश दिया है। अब पहली बार बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों को इस सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ा रहे। पहले चरण में 101 आरक्षियों के ऐसे तबादले किए गए हैं, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को, उनके पति की तैनाती के जिले में भेजा गया है, तो वहीं पुरुष पुलिस कर्मियों को उनकी पत्नी के तैनाती के जिले में भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही जल्द ही अन्य और अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को इसी आधार पर स्थानांतरित किए जाने की तैयारी यूपी पुलिस द्वारा की गई है। डीजीपी मुख्यालय से पति या पत्नी के जिले में तैनाती की मांग करने वाले पुलिसकर्मियों का तबादला उनके जीवनसाथी के तैनाती वाले जिले से संबंधित की रेंज में किया गया है और अब रेंज स्तर से उन्हें एक जिले में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### चार बच्चियों की बकुलाही नदी में डूबने से मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज क्षेत्र में गुरुवार को बकुलाही नदी में डूबने से चार बच्चियों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जलालपुर डे हवा गांव निवासी चार बच्चियों की मौत बकुलाही नदी में नहाते समय डूब कर हो गई। डूबकर मरने वाली बच्चियों में तीन सगी बहने और एक चचेरी बहन है, घटना को लेकर गांव में कोहराम मच गया। चारों बच्चियां आज दिन में लगभग दस बजे बकुलाही नदी में नहाने गई थी, नहाते समय वे गहरे पानी में चली गई और डूबकर उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में जीतलाल की पुत्रियां स्वाति (13), संध्या (11), चांदनी (6) के अलावा पृथ्वी पाल की पुत्र प्रियंसी (7) शामिल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्कयू टीम के सहयोग उनके शवो को नदी से बाहर निकाला।

### बीएसए ने 36 टीचर और 130 कर्मचारियों का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के 36 शिक्षक समेत 130 कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। ये सभी अनुपस्थित मिले थे, साथ ही 3 विद्यालय बंद पाए गए थे। बीएसए ने अनुपस्थित के दिन का वेतन रोक दिया है। इसके साथ ही शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में कार्रवाई का अंकन करने का आदेश बीईओ को दिया। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने के लिए शासन के आदेश पर गठित जिला व ब्लॉक टास्क कमेटी के सदस्य निरीक्षण करते हैं। 21 अप्रैल से 19 मई तक अधिकारियों ने निरीक्षण किया था।

## उद्योग सीएसआर से जोड़ें किसानों को: जगदीप धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि को कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से जोड़ने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है। धनखड़ ने गुरुवार को गोवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ायी जानी चाहिए। उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए। अनुसंधान करना चाहिए और उनका जो एक फंड होता है सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए, तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है। किसानों को अपने आप को उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, लेकिन मौजूदा समय में किसान का काम उत्पादन तक रह गया है। उसके बाद किसान अपने आपको एक तरीके से अलग कर लेता है। किसान को अपने उत्पाद के क्रय विक्रय में भी भागीदारी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार किसान की बहुत मदद कर रही है।

## बहादुरी व बलिदान देने वाले जवानों को मिले गैलेंट्री अवार्ड्स

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवार्ड्स दिए। ये अवार्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए।

राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवार्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस आफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

**शौर्य चक्र-कीर्ति चक्र देने के लिए डाइस से उतरीं राष्ट्रपति मुर्मू, शहीदों की मांओं को गले लगाया**

**■ 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया**



### राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए बोले सीएम योगी

## पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी- 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।



**■ मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता पर निर्भर सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया।

### वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक पेड़ लगाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया

योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पहले लोग चींटियों को मारने के बजाय आटा और चीनी देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से हटाते थे। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का उदाहरण है। योगी ने आधुनिक विकास के मॉडल पर भी सवाल उठाए, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर कार्य को मशीनीकरण की ओर ले जा रहे हैं, चाहे वह ड्रेनेज हो या औद्योगिक कचरा। हमें प्राकृतिक उपायों को अपनाना होगा, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जल शोधन की देसी पद्धतियां थीं। उन्होंने कहा कि जटायु जैसे पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और दवाओं के दुष्प्रभावों ने इन प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जटायु, जो प्रकृति के शोधन का कार्य करता था, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें अपनी परंपराओं के प्रति कृतज्ञता दिखानी होगी। सीएम योगी ने लोगों से आह्वान किया कि जैव विविधता संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा।

## कांग्रेस सांसद राकेश के मामले पर हाईकोर्ट की रोक

**लखनऊ, वार्ता**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

अदालत ने मामले की पूरी कार्यवाही को सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक रोक दिया और इस मामले को 28 जुलाई से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायधीश सुभाष विद्यार्थी ने राठौर की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद 20 मई को यह आदेश पारित किया, जिसमें राठौर के डिस्चार्ज आवेदन को खारिज करने वाले ट्रायल कोर्ट के पांच मई के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने मामले की अगली तारीख तक पांच मई के आदेश पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि मेरा मानना है कि अंतरिम राहत देने का मामला बनता है और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई जानी चाहिए। पक्षों के वकीलों ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखीं। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रस्तुत किया कि मामले की जांच पूरी करने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया है। इसके बाद ट्रायल कोर्ट ने 16 मई को राठौड़ पर आरोप तय कर दिए। फैसलों का हवाला देते हुए वकील ने दलील दी कि आरोपी राठौर के खिलाफ कथित आरोप नहीं बनते। इसलिए उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश कानून के मुताबिक नहीं है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। दूसरी ओर राज्य के वकील ने पुनरीक्षण याचिका का विरोध किया।



### फोटो पहचान का शुल्क लेने पर लगाई रोक

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उच्च न्यायालय में मुकदमे दाखिल करने वाले वादकारियों के हित में, एक मामले में अहम अंतरिम आदेश दिए हैं। कोर्ट ने याचिकाएं दायर करने वालों से फोटो पहचान के लिए बार एसोसिएशनों द्वारा 400 से 500 रुपए लिए जाने पर रोक लगा दी है। रजिस्ट्री अनुभाग को निर्देश दिया है कि पब्लिक नोटरी से सत्यापित हलफनामे स्वीकार किए जाने चाहिए।

## 2027 में दहाई तक सिमट जाएगी भाजपा

**लखनऊ, वार्ता**

एक लाख 93 हजार शिक्षक भर्ती वाले विज्ञापन को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की जमकर फजीहत हुई। यूपी सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक अखबार की कटिंग की तस्वीर शेयर कर इस बात की घोषणा की गई कि सूबे में अब 1 लाख 93 हजार पदों पर शिक्षक भर्ती होगी।

सरकार के इस पोस्ट के बाद युवाओं के बीच खुशी की लहार दौड़ गई, मगर ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि सरकार ने अपना एक्स पोस्ट डिलीट कर लिया। इसी के बाद से इस मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। अब सपा चीफ अखिलेश यादव ने 1 लाख 93 हजार के आंकड़े से ये साबित करने की कोशिश की है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा बहुमत का आंकड़ा भी पार नहीं कर पर पाएगी और दहाई के अंक तक सिमट जाएगी। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि 1,93,000 शिक्षक भर्तियों का जुमला विज्ञापन से जन्मा। 2027 के चुनाव में 'भाजपा की हार का राजनीतिक गणित'। मान लिया जाए कि 1 पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या होती = 1,44,75,000 और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिए जाएं, तो कुल मिलाकर 3 लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात ये संख्या बैठेगी 4,34,25,000। सपा चीफ ने लिखा कि ये सभी व्यस्क होंगे, अतः इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर उप्र की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित कर दें, तो ये आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आएगा और अगर इनका आधा भी भाजपा का वोटर मान लें, तो लगभग 1,08,000 का आधा मतलब हर सीट पर 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनावों में दहाई सीटों पर ही सिमट जाएगी। उन्होंने लिखा कि पुलिस भर्ती के मामले में 'भर्तियों का ये गणित' भाजपा को उप्र में लगभग आधी सीटों पर हारने में सफल भी रहा है, अतः ऐसे आंकड़ों को अब सब गंभीरता से लेने लगे हैं। अब ये मानसिक दबाव का नहीं, वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है। जैसे ही ये आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा, वैसे ही उनका राजनीतिक गुणा-गणित टूटकर बिखर जाएगा और विधायक बनने का उनका सपना भी।




**■ शिक्षक भर्ती के यू टर्न पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा**

## अमेरिकी ऋण में बढ़ोतरी की चिंता से बाजार में भूचाल

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया, जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं।



विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डा. वीके विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है। हाल ही में अमेरिकी 20, वर्षीय बॉन्ड की कमजोर नीलामी और पांच वर्षीय, 10 वर्षीय और 30 वर्षीय बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल ने अमेरिकी बॉन्ड बाजार में घटते निवेशक विश्वास को उजागर किया है। इसके साथ ही जापान में भी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे वैश्विक निवेशकों की चिंता और गहराई है। इसके अलावा ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता को झटका दिया है। इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की संभावना ने न केवल भू-राजनीतिक स्थिति को अस्थिर किया है, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी अनिश्चितता बढ़ा दी है। इससे विश्व बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.66, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 1.19 और चीन के शंघाई कंपोजिट ने 0.22 प्रतिशत का गोता लगाया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईडी कर रहा...** पर छापेमारी कैसे कर सकता है? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करेगा। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की ओर से सरकारी शराब खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों में जांच के दौरान की गई छापेमारी की वैधता को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल, 2025 को राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी

**मेरी नसों...** कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है, जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फल कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये कीमत, पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित पाकिस्तान का रहीमयारखान एयरबेस आईसीयू में पड़ा है, पता नहीं कब खुलेगा। उसे तहस-नहस कर दिया गया है। अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड (व्यापार) होगा और न टॉल्क (बात)। अगर, बात होगी, तो सिर्फ पीओके (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) की। पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है।

## ट्रंप के दावों पर हैरान करती है मोदी की खामोशी



**■ सैन्य कार्रवाई के दावे का जवाब क्यों नहीं दे रही सरकार: जयराम**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाक के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अपने दावों को लगातार दोहरा रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी इस पर खामोश हैरान करने वाली है और देश को बताना चाहिए कि सरकार की तरफ से इसका जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा की ट्रंप 11 दिन में आठ बार इस तरह की दावे कर चुके हैं और कश्मीर पर बातचीत के लिए तटस्थ स्थल की बात भी कर रहे हैं और बार-बार भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की एक ही तरीके से प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन भारत सरकार इस पर चुप है और कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 दिन में 8वीं बार राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का पूरा श्रेय लिया, भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों की समान रूप से प्रशंसा की और उन्हें हर तरह से बराबर बताया और दोहराया कि अमेरिका के साथ व्यापार ही वह साधन था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा करने के लिए किया। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इन सबके बावजूद हमारे प्रधानमंत्री, डोनाल्ड भाई के महान दोस्त-अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा बार-बार कही जा रही बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। विदेश मंत्री भी अपने दोस्त, अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों के समर्थन में और भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता के लिए 'तटस्थ स्थल' के बारे में कही गई बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। यह गरजती हुई खामोशी क्यों।

### जवाबदेही से भाग नहीं सकती सरकार, देश को चाहिए ईमानदार जवाब : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले तथा उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा कराने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाने की मांग को सरकार नजरअंदाज कर रही है, लेकिन सच यह है कि इस पूरे प्रकरण पर मोदी सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती है। कांग्रेस सांसद तथा कार्य समिति की सदस्य प्रणीति शिंदे ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार चुप रहकर और ध्यान भटका कर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बस्ती में राधिका हत्याकाण्ड का खुलासा, आरोपी मुठभेढ़ में गिरफ्तार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने राधिका हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए आरोपी के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने बताया है कि मंगलवार को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार में राधिका देवी (38) का शव अधजला पाया गया था। घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित की गयी थी। पुरानी बस्ती थाने की पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर सबदेईया कला गांव के पास आरोपी मनोज निवासी ताहिरा हास्पिटल स्टेशन रोड को पुलिस मुठभेढ़ में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल तथा कारतूस, खोखा और पांच सौ रूपया नगद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि राधिका को वह प्रपोज कर रहा था और उससे शादी करना चाहता था लेकिन वह मना कर रही थी। 20 मई को राधिका गौशाला में काम कर रही थी जहां उसने जबरन सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया और विरोध करने पर गला दबा दिया और ईट से उसे मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। शव को ठिकाने लगाने के लिए पीपल के पेघ के पत्ते और लकघी से शव का जला दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रूपये का पुरूस्कार प्रदान किया गया है। इस घटना का खुला. सा करने में थानाध्यक्ष महेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### परीक्षा के नाम पर छात्रों से हो रही अवैध वसूली

**सीतापुर।** सकरन के कलिमा. पुर गांव निवासी इंटर के छात्र धर्मेन्द्र ने बृहस्पतिवार को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की। आरोप लगाया है कि राजकीय इंटर कालेज सांडा- सकरन में इंटर में एक विषय में फेल हुए छात्रों की कम्पार्टमेंट परीक्षा होनी है । जिसका सरकारी शुल्क 306 रूपया निर्धारित है । छात्र धर्मेन्द्र, सुभाषिनी, कपिल, सिराज, ज्ञानेन्द्र आदि का आरोप है कि उन लोगों ने परीक्षा का सरकारी शुल्क स्टेट बैंक बिसवां में जमा कर दिया था। उसके बाद प्रधानाचार्य शैलेन्द्र पांडे के कहने पर कालेज के शिक्षक अमित कुमार,फैजुद्दीन अल्वी, बाबू अमरेंद्र द्वारा 150 रूपया प्रति छात्र वसूली की गई। छात्रों का आरोप है कि शिकायत करने पर करियर खराब करने की धमकी देते हुए सभी छात्रों से जबरन सादे कागज पर साइन करवाए जा रहे है। धर्मेन्द्र ने आईजीआरएस के माध्यम से अवैध वसूली की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की है द्य कालेज के प्रधानाचार्य शैलेश पाण्डेय ने बताया एक पीटी अध्यापक द्वारा कुछ छात्रों से पैसा लिया गया था। जिसे वापस करा कर छात्रों से लिखवा लिया गया है।

### बांदा में प्रेमी युगल ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के नरैनी क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि नरैनी कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ला निवासी महेश यादव की पुत्री प्रीती (18) और मोहल्ला कृष्ण नगर निवासी अवध यादव के पुत्र लवक. श (20) दूर के रिश्ते में भाई-बहन थे और दोनों के बीच लगभग दो वर्ष से कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच परिजनों ने प्रीति की शादी टिकरी गांव में कर दी गई थी। जिसके बाद दोनों ने नरैनी कस्बे से सटे भवई गांव में स्थित बबूल की पेड़ में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ कि घटना प्रेम प्रसंग के चलते हुई। घटना का विधिवत निरीक्षण कर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे विधिक कार्यवाही होगी।

### शाहजहांपुर में नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के खुदागंज क्षेत्र में नदी में नहाते समय डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना खुदागंज क्षेत्र में कुछ बच्चे गर्मी के चलते गुर्रा गर्रा नदी के बचई घाट पर नहाने गए थे। नहाते समय गहरे दो बच्चों की गहरे पाने में डूबने से मौत हो गई जिसमें एक बच्चा बबलू(16) थाना तिलहर और रामपुर के सुवेर (10) की मौत हो गई ।

# कोविड संक्रमण के मामले में चिंता की कोई बात नहीं: योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के नवीनतम उपवेरिएंट जेएन-1 से संबंधित वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार द्वारा कोविड-19 को लेकर कोई नई एडवाइजरी जारी नहीं की गई है। फिर भी थाईलैंड, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों में जेएन-1 उपवे. रिएंट के चलते संक्रमितों की संख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में भी सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट मोड में रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होने कहा कि कोविड-19 की पिछली लहरों के दौरान जिला अस्पतालों में बनाए गए 10-10 बेड के आईसीयू, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन प्लांट जैसी अधोसं. रचनाओं को स्थायी रूप से क्रियाशील रखा जाए। इन सुविधाओं की नियमित टेस्टिंग और आवश्यकतानुसार रखरखाव सुनिशि चत किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सेवा प्रणाली से जुड़े अन्य कार्यों में भी प्रशिक्षित कर प्रभावी रूप से उपयोग में लाया जाए, क्योंकि कोविड-19 के दौरान इनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। मुख्यमंत्री ने संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में भी संबंधित विभागों को अलर्ट करते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया और कालाजार जैसे मौसमी रोगों से निपटने के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दी जाएं।

## मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत 134 करोड़ मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत दो वर्षों में 61 परियोजनाओं के लिए 134-57 करोड़ से अधिक की धनरा. शि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य के पर्यटन विकास को नई दिशा देने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इस क्रम में अल्पज्ञात ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले पर्यटन स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के पर्यटन स्थलों को नया आयाम देना है। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में बघेतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इन प्रयासों से राज्य की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। विभाग का यह भी मानना है, कि इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी, जिससे पर्यटन स्थलों की पहचान और महत्ता और बघ्ेगी। सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना का उद्देश्य प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन तथा पर्यटन संभावनाओं से परिपूर्ण अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना। हमारा प्रयास चिन्हित अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों पर पर्यटन सेवा प्रदाताओं को आकर्षित करना है। चयनित पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जयवीर सिंह ने बताया कि योजनान्तर्गत पचास प्रतिशत धनराशि प्रस्ताव देने वाले और पचास प्रतिशत धनराशि पर्यटन विभाग वहन करता है।

## विपक्ष पाकिस्तान के स्पीकर की भूमिका निभा रहा है: निषाद

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के कबीना मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि विपक्षी दल पाकिस्तान के स्पीकर की भूमिका में है जो सेना का मनोबल गिराने का काम कर रहे हैं। नेहरू हाल में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि जनता देख रही है कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को भारतीय सेना ने कैसे नष्ट किया। उन्होने विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी को जमकर कोसा वही उत्तर प्रदेश सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र और प्रदेश की सरकार ने मछुआरों का ख्याल रखा, उसके लिए वह सरकार को धन्यवाद देते हैं। मछुआरों के बच्चों की शिक्षा के लिए उनके बच्चों को आगे बढ़ने का काम लगातार उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा किया जा रहा है। इतना ही नहीं महिलाओं की सशक्तिकरण पर भी जोड़ दिया जा रहा है। डा निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकारों में निषाद समाज को लगातार उपेक्षित किया गया। ना तो नौकरी में हिस्सेदारी दी गई और ना तो सियासत में ही हिस्सा दिया गया अब जिसको संपत्तियों पर और नौकरी पर कब्जा करना होगा वह समाजवादी पार्टी में जाएगा और जिसको हिस्सा चाहिए वह निषाद पार्टी में आएगा।

## ईडी को हाईकोर्ट की फटकार, विनय शंकर तिवारी को 45 दिन बाद जमानत

**लखनऊ की चर्चित गंगोत्री इंटरप्राइजेज लोन घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर उठे सवाल, हाईकोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी में गंभीर खामी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गंगोत्री इंटरप्राइजेज लोन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व सांसद हरिशंकर तिवारी के पुत्र और समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर तिवारी को 45 दिन बाद जमानत मिल गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को इस मामले में ईडी को जमकर फटकार लगाई और कहा कि गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

कोर्ट ने इस आधार पर न सिर्फ विनय शंकर को, बल्कि गंगोत्री इंटरप्राइजेज के निदेशक अजित पांडेय को भी जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। ईडी ने 4 अप्रैल को विनय शंकर तिवारी और उनकी कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइ जेज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई करते हुए दावा किया था कि इन्होंने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कुल 754 करोड़ रुपये के लोन लेकर बैंकों को चूना लगाया। इस आधार पर ईडी ने कंपनी के कार्यालय और तिवारी निवास पर छापे मारे थे और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ईडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज गिरफ्तारी के औचित्य की पुष्टि नहीं करते। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि बार-बार ईडी द्वारा की जा रही गिरफ्तारियों को लेकर न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जिससे एजेंसी की विश्वसनीयता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि ईडी की गिरफ्तारी प्रक्रिया को लेकर यह कोई पहली बार नहीं है जब अदालत ने उसे कटघरे में खड़ा किया हो। बीते कुछ वर्षों में ईडी द्वारा की गई कई गिरफ्तारियां या तो कोर्ट में टिक नहीं पाईं या फिर राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों से घिर गईं। ईडी की कन्विक्शन दर (दोषसिद्धि दर) भी मात्र 0.5: के आसपास है, जो यह दर्शाता है कि बड़ी संख्या में की गई गिरफ्तारियों में पर्याप्त प्रमाण नहीं होते या वे झूठे साक्ष्यों पर आधारित होती हैं।

## टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने आवास पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन से शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन और भविष्य की रणनीतियों पर केंद्रित थी, जिसमें प्रदेश को देश-विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाने के विषय में गहन विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में विशेष रूप से अयोध्या में प्रस्तावित 'टेम्पल आर्किटेक्चर म्यूज़ियम' परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई, जो न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगी, बल्कि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी एक नई ऊंचाई देगी। इसके अतिरिक्त, जेवर एयरपोर्ट परियोजना की समीक्षा की गई, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश के आर्थिक और वाणिज्यिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है। एयर इंडिया की संभावित एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग) सुविधा की स्थापना को लेकर भी विस्तृत बातचीत हुई, जिससे प्रदेश में विमानन सेवा क्षेत्र के विकास को मजबूती मिलेगी और हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टाटा समूह की प्रदेश में व्यापक निवेश गति. विधियों की प्रशंसा की और निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक माहौल, निरंतर सुधार और सुगम प्रशासन सुनिश्चित करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने टाटा संस से कहा कि वे राज्य में अपने निवेश को और भी विस्तार दें तथा विशेष रूप से लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेंटर की स्थापना करें। इस कदम से प्रदेश में उच्च तकनीकी और कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे युवाओं का कौशल विकास होगा और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। एन- चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग-हितैषी नीतिगत फैसलों, बुनियादी ढांचे के विकास, और निवेश के लिए तेजी से बनने वाली सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा की।

## भीषण गर्मी में चरमरायी बिजली व्यवस्था, लोग बेहाल, विभाग नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** बुंदेलखंड के झांसी में इन दिनों बिजली विभाग की नाकामी चरम पर है और लगभग पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी महानगर की बिजली व्यवस्था को सुचारू करने में विद्युत विभाग नाकाम नजर आ रहा है। इसी का नतीजा है कि लोग इस भीषण गर्मी में दिन-रात बिजली की घंटों हो रही कटौती से बेहाल हैं। झांसी में इन दिनों पारा 44-45 के आस पास या पार तक जा रहा है और बुधवार को तो यह 46 पार कर गया, ऐसे में लंबे समय से यहां आमलोग बिजली की जबरदस्त किल्लत से जूझ रहे हैं।



हालात इतने बदतर हैं कि झांसी का महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज भी बिजली की भीषण किल्लत से नहीं बच पाया है। मेडिकल कॉलेज में बुधवार देर रात हुई बिजली की कटौती के बाद जनरेटरों की मदद से किसी तरह विभिन्न विभागों में व्यवस्था को बनाये रखने का काम किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक सिंह ने आज बताया कि बुधवार देर रात मेडिकल कॉलेज की बिजली गुम हो गयी, ऐसे में विभिन्न विभागों में काम कर रहे 14 जनरेटरों ने बैकअप देना शुरू किया लेकिन रात 12 बजे के आस पास नदारद हुई बिजली सुबह आठ बजे के बाद आई। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में इतने अधिक समय के लिए बिजली न होने से जनरेटरों की मदद से मेडिकल में काम व्यवस्थित तरीके से चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पडा। इमरजेंसी में अत्याधुनिक मशीनों से होने वाली जांच प्रभावित हुई क्योंकि बाकी लोड के साथ इन मशीनों का सामान्य रूप से काम कर पाना संभव नहीं हो पाया। डॉ सिंह ने भी बिजली की इतनी लंबी कटौती से मेडिकल कॉलेज के सामान्य कामक. ाज के प्रभावित होने की बात की। उन्होंने कहा कि झांसी मेडिकल कॉलेज में आस पास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की तादाद बहुत अधिक है और इमरजेंसी में भी काफी भीड़ रहती है। ऐसे में यदि लंबे समय तक बिजली नहीं आती है तो तमाम तरह की परेशानियां आती हैं। विद्युत विभाग को जिलाधिकारी ने भी महानगर की बिजली व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने और रोस्टर तैयार करने, कटौती से पहले लोगों को सूचित करने के निर्देश दिये हैं लेकिन विभाग इन सभी निर्देशों का पालन कर पाने में फिलहाल तो पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। जिस फीडर की ओवरलोडिंग होती है वहां की बिजली काट दी जाती है और इसकी सूचना सोशल मीडिया पर देने की बात कहकर अधिकारी अपने कर्तव्य की इतिश्री करते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर लोगों को कुछ पता नहीं होता कि किस समय बिजली चली जाएगी और कब आयेगी। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन नही उठाने को लेकर भी फटकार लगायी गयी है महानगर में 16 पावर हाउस हैं जिनसे विभिन्न फीडर निकले हैं जिस पर भी ओवरलोड होता है तुरंत वहां की बिजली काट दी जाती है।

इनमें से पांच बिजलीघर मुन्नालाल, जेल चौराहा, रानीमहल, सीपरी और हाइडिल तो ओवरलोलडग से बुरी तरह हलकान हैं और इसी का नतीजा कि विभिन्न इलाकों में अघोषित और लंबी कटौती की जा रही है। यूं तो गर्मी से पहले विभाग की ओर से सभी तरह की तैयारियां पूरी कर लिए जाने के जबरदस्त दावे किए गए थे और आरडीएसएस और बिजनेस प्लान के तहत केबल बदले जाने का काम किया गया और लंबे फीडरों को भी दो हिस्सों में बांटा गया। इतना ही नहीं ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढाए जाने के भी दावे किए गए लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ सभी दावों की हवा निकल गयी और आम जनता समय से बिजली बिल का भुगतान करने के बाद भी दिन रात टकटकी लगाए घर के पंखों के हिलने के इंतजार में बैठी है। अधीक्षण अभियंता चंद्रजीत प्रसाद ने आज यूनीवार्ता से खास बातचीत में माना कि विभाग द्वारा 16 पावर हाउस में से तकरीबन चार से पांच की क्षमता 25 मेगावाट बढाए जाने के बाद भी आपूर्ति अबाध नहीं हो पा रही है क्योंकि लोड 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोड बढा है ऐसे में एक से डेढ़ महीना यह दिक्कत ऐसे ही बनी रह सकती है। महानगर का कोई भी इलाका बिजली की भारी कटौती से अछूता नहीं है। सिविल लाइंस निवासी वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा आज कल लाइट कब जाएगी कोई ठिकाना नहीं। लंबे समय से यही हालात बने रहने की वजह से दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित है। सीपी मिशन कम्पाउंड निवासी राघव पटैरिया भी दिन रात बिजली की कटौती से हलकान हैं। वह कंपटीशन की तैयारी कर रहा है।

## इकाना में आज होगा एसआरएच और आरसीबी का महामुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** के इकाना स्टेडियम में शुक्रवार सायंकाल आईपीएल 2025 का एक अहम मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) आमने-सामने होंगी। यह मैच क्वालीफायर चरण का है और इसे वैकल्पिक स्थल के रूप में चुना गया है। हालांकि, इस शहर की अपनी टीम लखनऊ सुप. रजायंट्स (स्ैळ) टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, जिसने स्थानीय प्रशंसकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

ऐसे में कल का मुकाबला उन दर्शकों के लिए एक मिश्रित भावनाओं वाला अनुभव हो सकता है, जहां एक ओर रोमांच होगा तो दूसरी ओर अपनों की गैरमौजूदगी का मलाल भी। फिर भी, क्रिकेट का खुमार ऐसा है कि स्टेडियम की सीटें खाली रह जाएं, यह मुमकिन नहीं। आरसीबी और एसआरएच दोनों ही टीमें इस सीजन में मजबूत खेल दिखा चुकी हैं और क्वालीफायर में जगह बनाकर अपनी काबिलियत साबित की है। हैदराबाद के खिलाड़ी अभिषेक शर्मा का आक्रामक फॉर्म चर्चा में है। टीम के कोच फैंकलिन ने भी संकेत दिए हैं कि अभिषेक इस मैच में पूरी धार के साथ मैदान में उतरेंगे। उधर, एसआरएच के बल्लेबाज एंडी ने भी भरोसा जताया है कि टीम क्वालीफायर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देगी। दिलचस्प बात यह है कि एसआरएच ने लखनऊ सुपरजायंट्स को टूर्नामेंट से बाहर करने में अहम भूमिका निभाई थी। अब वही टीम लखनऊ की सरज़मीं पर, लखनऊ के दर्शकों के सामने अपनी किस्मत आज़माने उतरेगी। ऐसे में सवाल यह है कि क्या दर्शक उन्हें एक बेहतरीन मुकाबले के लिए प्रोत्साहित करेंगे, या एसजी की हार का खामियाजा माहौल की ठंडक से चुकाया जाएगा।

## लखनऊ मंडल के छह स्टेशनों का कायाकल्प हुआ साकार

### प्रधानमंत्री ने अमृत भारत योजना के तहत किया वर्चुअल उद्घाटन, मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से देशभर के 553 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया, जिनमें उत्तर प्रदेश के 19 स्टेशन शामिल हैं।

इनमें से लखनऊ मंडल के छह प्रमुख स्टेशनों बरेली, बिजनौर, हरदोई, रामपुर, बाह और शाहज. हांपुर का भी कायाकल्प हो चुका है। इन स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं, आकर्षक भवन संरचना और यात्री-केंद्रित सेवाओं से सज्जित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना उत्तर प्रदेश के विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों को लंबे समय तक उपेक्षा का शिकार माना जाता रहा, आज वहीं स्टेशन राज्य के प्रवेशद्वार बनकर उभर रहे हैं। लखनऊ मंडल के इन छह स्टेशनों का आधुनिक. ीकरण सिर्फ भौतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास की दिशा में मजबूत कदम है।

रेल मंत्रालय के अनुसार, अमृत भारत योजना के तहत जिन 553 स्टेशनों का उद्घाटन हुआ है, वे पूरे देश में यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और डिज़ाइन के मामले में एक नया मानक स्थापित करेंगे। इन स्टेशनों पर ग्रीन बिल्डिंग, डिजिटल साइनेज, अत्याधुनिक प्रतीक्षालय, स्वचालित टिकटिंग सुविधा, दिव्यांगजनों के लिए विशेष रैंप और शौचालय जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इसके अतिरिक्त, स्थानीय उत्पादों और व्यावसायिक गति. विधियों को बढ़ावा देने के लिए स्टेशन परिसर में व्यापारिक केंद्र भी विकसित किए जा रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य केवल रेलवे के ढांचे को नया रूप देना नहीं, बल्कि उसे भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक आकांक्षाओं से जोड़ना भी है। उत्तर प्रदेश के इन 19 स्टेशनों का चयन इसी सोच को बल देने के लिए किया गया है, जहां यात्री न केवल यात्रा करेंगे, बल्कि अपने परिवेश की आधुनिकता और सांस्ख्रतिक पहचान को भी महसूस करेंगे। लखनऊ मंडल के छह स्टेशनों को मिली यह नई पहचान निस्संदेह यूपी के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।

## गाज़ा पर इजराइली हमले तुरंत बंद हों: माकपा

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने गाज़ा पट्टी में जारी इजराइली हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है और युद्धविराम को प्रभावी बनाने के लिए तत्काल इजराइली आक्रमण रोकने की मांग की है। पार्टी ने इसे नरसंहार करार देते हुए कहा कि सिर्फ अप्रैल माह में ही 2037 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि बीते दो दिनों में 200 से अधिक नागरिकों की मौत हुई है। पार्टी के अनुसार, 7 अक्टूबर 2023 से अब तक कुल 53,384 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें 94 प्रतिशत आम नागरिक हैं। मृतकों में 51 प्रतिशत बच्चे, 16 प्रतिशत महिलाएं और 8 प्रतिशत बुजुर्ग शामिल हैं। माकपा ने यह भी आरोप लगाया है कि इजराइल ने गाज़ा में मानवीय राहत पहुंचाने वाले ट्रकों के प्रवेश को दो महीनों से अधिक समय से रोका हुआ है, जिससे क्षेत्र में गंभीर भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सीपीआई (एम) के राज्य सचिव रविशंकर मिश्र ने कहा कि अमेरिकी समर्थन से उत्साहित इजराइल अब पूरी गाज़ा पट्टी पर कब्जे की बातें कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि भाजपा-नीत भारत सरकार को इजराइल पर दबाव डालना चाहिए कि वह हमले बंद करे और नरसंहार के लिए जिम्मेदार नेताओं पर युद्ध अपराधों के तहत मुकदमा चलाने की मांग का समर्थन करे। माकपा ने फिलिस्तीनी जनता के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए 1967 से पहले की सीमाओं और पूर्वी येरुशलम को राजधानी मानते हुए एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना की मांग को उठाया है।

## गृहकर, यूजर चार्ज लगाने को लेकर किया घेराव

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर में नगर पंचायत मगहर द्वारा दस फीसद गृह कर बढाने तथा प्रत्येक घर से कूड़ा उठाने के नाम से यूजर चार्ज लगाने को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ को घेरा और ज्ञापन दिया। नगर पंचायत के पूर्व सभासद टी एन वर्मा, भाजपा नेता सुजीत गुप्ता व संदीप वर्मा ने संयुक्त रूप से नेतृत्व करते हुए नागरिकों के साथ नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए कहा कि कस्बे की जनता के पास आय क्ु ोत नहीं बढ़े हैं जिसके कारण परेशानी में जीवन गुजार रहे हैं। इसी बीच नगर पंचायत द्वारा गृह कर में स्वकर प्रणाली लागू कर दिया गया जिसमें लोगों ने हाउस टैक्स निर्धारित किया गया उसमें भी दस फीसद की वृद्धि की गई है। जनता ने उसे स्वीकार कर कर लिया जिसे जमा करने में परेशानी होती है।

## बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ जिलाधकारी ने की बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभि षेक आनन्द ने जिले में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। वही बिजली उपकेंद्रों का निरीक्षण भी किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों, विशेष रूप से खैराबाद, सीता. पुर नगर, महोली एवं मिश्रित कस्बों में हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। जिलाधकारी ने आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोलों एवं लाइनों की तत्काल मरम्मत कराने हेतु अधिका. रियों को कड़े निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सभी फीडरों की नियमित निगरानी, आवश्यकतानुसार उपकरणों की मरम्मत, तकनीकी कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती एवं सतर्कता बनाए रखना अनिवार्य है।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तत्परता से समाधान किया जाए, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जो भी विद्युतकर्मी हड़ताल पर गए हैं उनके द्वारा विद्युत आपूर्ति को बाधित करने की नीयत से विद्युत पोलों, तारों, फीडरों आदि में किसी भी तरह की छेड़खानी की जाएगी या छेड़खानी करते हुए पकड़ा जाएगा तो उन पर मुकदमा पंजीख्रत कराते हुए कड़ी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि गर्मी के इस मौसम में विद्युत आपूर्ति की निरंतरता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। इसके बाद जिलाधकारी ने भवानीपुर समेत कई उपकेन्द्र का औचक निरीक्षण किया। वहीं बिजली व्यवस्था बहाल रखने के निर्देश दिए।

## श्रावस्ती के कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश सोनकर और नफीस अहमद रालोद में शामिल

**राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने दिलाई सदस्यता, जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने आज पार्टी मुख्यालय पर श्रावस्ती जनपद की ग्राम पंचायत पतिझिया के प्रधान व कांग्रेस नेता ओमप्रकाश सोनकर उर्फ जुग्गीलाल तथा कांग्रेसी नेता नफीस अहमद को उनके समर्थकों सहित रालोद की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पी.के. पाठक तथा श्रावस्ती जनपद के जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात ओमप्रकाश सोनकर, नफीस अहमद एवं उनके साथियों ने भारत रत्न एवं किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की नीतियों व रालोद की विच. ारधारा को अपनाने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ग्रिल से टकराई ट्रैक्टर ट्राली, डेढ़ दर्जन घायल

## गमी में शामिल होने जा रहे थे सभी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते गमी में शामिल होने जा रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पंचर होने से ग्रिल से टकरा गई। जिसमें तकरीबन डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को तत्काल सरकारी एवं प्राइवेट एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल एवं निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तीन महिलाओं की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर किया है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव पंडकी निवासी ट्रैक्टर चालक प्रमोद कुमार अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेकर हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू में गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली में तकरीबन 20 से 25 लोग सवार थे। इस दौरान जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली सैदनगली थाना क्षेत्र में हाजीपुर तारा के नजदीक गंगा एक्सप्रेसवे पर पहुंची तो अचानक ट्रैक्टर में पंचर हो गया। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेसवे पर लगी ग्रिल से जा टकराई। गनीमत रही की ट्रैक्टर ट्राली गंगा एक्सप्रेसवे से नीचे नहीं गिरी वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे में गांव निवासी ट्रैक्टर चालक प्रमोद कुमार, वीरवती, उर्मिला, कांता, लता, जसमाली, निर्देश, लज्जा, माया देवी, मीना, अंशु, रजनी समेत तकरीबन डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को तत्काल सरकारी एवं प्राइवेट एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने वीरवती, उर्मिला एवं लता की हालत गंभीर देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल बाकी घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल एवं निजी अस्पतालों में चल रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

# आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम भारतीय सेना

## सैनिकों के सम्मान में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नौगावां सादात।** ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि भारतीय सेना किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। आपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने सेना की धमक देखी।

कताई मिल से गांव मखदूमपुर तक आपरेशन सिंदूर की सफलता, भारतीय सेना के अभिनंदन में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसमें बोलते ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि आज भारतीय सेना की मजबूती का लोहा पूर्व विश्व मान रहा है। उन्होंने कहा कि आप. रेशन सिंदूर के जरिये सेना के जवानों ने सिद्ध कर दिया कि वह किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया। यात्रा में चौधरी भूप सिंह बेनीवाल, ऋषिपाल नागर, मोमराज गुर्जर, भगवंत चौहान, पवनजीत दिवाकर, हरेन्द्र ढिल्लो, अमित शर्मा, धमेन्द्र सैनी, कपिल चौधरी, पुखराज सिंह, जितेन्द्र सिंह, रीनू कुमारी, भूपेन्द्र सिंह, सचिन शर्मा, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।



# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, आठ घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** दो युवकों के बीच वीडियो बनाने को लेकर विवाद के बाद दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से महिलाओं समेत 8 लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर गढ़ी का है। यहां गुरुवार को गांव निवासी युवक अरुण अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान इसी गांव का युवक राजू खेत से घर लौट रहा था। राजू खेत पर जा रहे अरुण की अपने मोबाइल कैमरे में वीडियो बनाने लगा। जिसका अरुण द्वारा विरोध किया गया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें अरुण घायल हो गया। इसके बाद घायल अरुण ने मारपीट की सूचना अपनी ससुराल हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दियावली खालसा में दी। घटना की सूचना पर युवक की ससुराल के कुछ युवक बाइक पर सवार होकर अरुण के गांव आ गये। आरोप है कि 15 से 20 लोगों ने घर में घुसकर राजू और उसके परिवार के साथ जमकर लाठी डंडों से मारपीट की। जिसमें रतन, मगनवती, दुर्गिया, अमरवती, आरती, राजू और प्रकाश घायल हो गये। मारपीट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। इस मामले में उप निरीक्षक प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## पीके सारस्वत बने अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राजकीय आप्टोमैट्रिस्ट एसोसिएशन का पीके सारस्वत को अध्यक्ष व अनिल कुमार को सचिव चुना गया। मुरादाबाद के एक होटल में राजकीय आप्टोमैट्रिस्ट एसोसिएशन का चुनाव हुआ। जिसमें सीएचसी अमरोहा में तैनात प्रशांत कुमार सारस्वत को अध्यक्ष जबकि गजरौला सीएचसी में तैनात अनिल कुमार को सचिव चुना गया। चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी।

# ग्रामीण क्षेत्र में कराया जाए स्टेडियम का निर्माण

## बीडीओ ने एसडीएम को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने खेल कौशल में उत्कृष्ट लाने तथा स्थानीय परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण कराए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने एसडीएम को पत्राचार कर भूमि की मांग की है। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शासन और जिलाधिकारी के निर्देशों पर ग्रामीण क्षेत्रों में बालक बालिकाओं युवक व युवतियों में खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न करने खेल कौशल में उत्कृष्ट लाने तथा स्थानीय परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण होना है। निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है। खंड विकास अधिकारी ने पत्राचार कर एसडीएम से भूमि का चिन्हांकन कराकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है जिससे ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई हो सके।

## निरोगी रहने को अपनाएं योग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिये योग को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। कालेज में योग दिवस के मौके पर 21 जून को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसे लेकर आज प्राध्यापकों एवं छात्रों द्वारा योगाभ्यास किया गया। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि समस्त बीमारियों का इलाज योग द्वारा संभव है। डा. अरविंद कुमार ने बताया कि 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जायेगा। लोगों को योग के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस मौके पर प्रो. अनिल रायपुरिया, नवनीत विश्नोई, डा. हिमांशु शर्मा, डा. नीरज त्यागी, डा. उमेश कुमार मौजूद रहे।

# साप्ताहिक बाजार से जनता को परेशानी

## बाजार हटाने की उठी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** नगर के स्टेशन मार्ग पर प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत है कि इस मार्ग पर रेलवे स्टेशन पोस्ट ऑफिस, निजी अस्पताल, खंड विकास अधिकारी ऑफिस के साथ निजी और सरकारी स्कूल हैं। जिस कारण बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों का वह लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन साप्ताहिक बाजार मंगलवार के दिन स्कूली छात्रों के साथ ही लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकारी दफ्तर और निजी अस्पताल व स्कूल में जाने के लिए साप्ताहिक बाजार के कारण भारी भीड़ की वजह से बड़ी जद्दोजहद होती है। जिससे दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में तहसील प्रशासन और नगर पालिका में कई बार शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पालिका ईओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# खबर का असर! पालिका ने हटाए विकास पर पड़े पत्थर

## अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** नगर के बाईपास मार्ग पर लाखों की लागत से हुए विकास कार्य (फुटपाथ) पर पत्थर पड़े थे नगरपालिका ने विकास पर पड़े पत्थरों का हटवा दिया है। शाह टाइम्स में खबर छपने के बाद पालि. का ईओ अवधेश कुमार वर्मा टीम के साथ बाईपास मार्ग पर पहुंच गए यहां फुटपाथ पर अवैध रूप से पत्थर डालकर अतिक्रमण करने वाले लोगों को कार्यवाही की चेतावनी देते हुए हटाने की बात कही।

बताते की नगर के बाईपास मार्ग पर सड़क के दोनों साइड नगरपालि. का द्वारा लाखो की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क(फुटपाथ) का निर्माण कराया गया था सपना था कि इस पर पैदल चलने वाले राहगीर आसानी से चल सकेंगे लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे ही फुटपाथ पर लोगो ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया कुछ लोगो ने तो मनमर्जी अपनी सहूलियत के हिसाब से फुटपाथ पर पत्थर डालकर फुटपाथ का अस्तित्व ही खत्म दिया। बीते बुधवार के अंक में शाह टाइम्स ने इस मुद्दे को लाखो के विकास पर पड़े पत्थर, तो कहीं रखे कुम शीर्षक से प्रमुखता से प्रका. शित किया था। खबर का असर इतना तीव्र हुआ कि पालिका ईओ दिन निकलते ही टीम के साथ बाईपास मार्ग पर पहुंच गए यहां फुटपाथ पर अवैध रूप से पत्थर डालकर अतिक्रमण मिला जिसपर ईओ ने कार्यवाही की चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने की बात कही। ईओ ने बताया फुटपाथ पर अवैध रूप से डाले गए पत्थरो को हटवाया गया है।

# अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन जारी

## तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों से हादसे का खतरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा।** पुलिस व खनन अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन का कारोबार बेरोकटोक जारी है। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव आदमपुर, बहादरपुर मिश्र, शेरगढ़, शीतला सराय, ढढियाल, गुरैठा, ढवारसी, गारबपुर, निरयावली खादर जबकि थाना क्षेत्र के गांव खनौरा, मदारीपुर, बुरावली, जयतौली, गंग. वार, दौराला, छपना, नवाबपुरा खादर, सुतावली आदि के जंगलों में प्रतिदिन मशीनों के जरिये रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। प्रशासन लगातार इस पर रोक लगाने के दावे कर रहा है परन्तु सच्चाई इससे इतर है। अवैध खनन के वीडियो आये दिन जारी हो रहे हैं। जिससे साफ है कि इसे रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नही है। अधिवक्ता शोकीन, मुकेश, अमरीश त्यागी आदि ने डीएम को पत्र भेजकर शिकायत की है कि खनन से भरे डम्पर व ट्रैक्टर ट्राली तेज गति से दौड़े हैं जिससे हर समय हादसों का खतरा रहा है। उन्होने इस पर रोक लगाने की मांग की जबकि जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार यादव का कहना है कि खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध क्लीनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा

## आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज हुई थी शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** बिना रजिस्ट्रेशन क्लीनिक का संच. लन करने के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पाराशर ने क्लीनिक संचालक के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसलिंग एक्ट, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम व बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पाराशर का आरोप हैं कि क्षेत्र के गांव आजमपुर में अवैध रूप से क्लिनिक संचालन की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई। शिकायत के बाद चिकित्सा अधीक्षक द्वारा टीम के साथ औचक निरीक्षण किया गया तो गांव आजमपुर में अतुल कुमार नागर के घर मे क्लीनिक का संचालन होता हुआ मिला। निरीक्षण के दौरान अतुल कुमार की पत्नी मौजूद थी। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक से कुछ दवाइयां भी जब्त की गई। क्लीनिक के दो रास्ते थे लेकिन गेट किसी पर नहीं था जिस कारण क्लिनिक को सील नहीं किया जा सका। बुधवार 21 मई तक भी क्लिनिक संचालक द्वारा सीएमओ कार्यालय या चिकित्सा अधीक्षक को कोई दस्तावेज नहीं दिखाया। जिसपर बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पाराशर ने क्लिनिक को अवैध रूप से संचालित होने पर अतुल कुमार नागर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। चिकित्सा अधीक्षक कुनाल पाराशर ने बताया कि अवैध रूप से क्लिनिक संचालन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया चिकित्सा अधीक्षक कुणाल पाराशर की तहरीर पर अतुल नागर के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसलिंग एक्ट, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम व बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है

## पैथोलॉजी लैब संचालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बीती 14 मई को नोडल अधिकारी क्वेक्स डा.शरद कुमार ने शिकायत मिलने पर अतरासी में हाईवे पर स्थित मन्नत पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया था। लैब का संचालन क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी शाहेन आलम द्वारा किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान न तो लैब में चिकित्सकीय उपकरण मिले थे और न ही वहां पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था। मौके पर मौजूद संचालक शाहेन आलम लैब के रजिस्ट्रेशन से संबंधित प्रमाण व अन्य दस्तावेज नहीं दिखा पाया था लिहाजा नोडल अधिकारी ने लैब में सील लगा दी थी। संचालक शाहेन आलम को जवाब देने को नोटिस जारी किया था। सीएमओ डा.एसपी सिंह ने मामले में नोडल अधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया था। सीओ अरुण कुमार सिंह ने मामले में आरोपी लैब संचालक शाहेन आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

# मारपीट में दम्पति को किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** खेत में चारा खोदने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने के कारण दंपत्ति घायल हो गया। आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दयावली खालसा निवासी नरेश पुत्र चंद्रपाल ने अपने खेत में चारा बो रखा है। कुछ दिनों से कोई व्यक्ति उसके खेत में उसका चारा खोद कर नष्ट कर देता था। गुरुवार की दोपहर नरेश की पत्नी बाला द्वारा पड़ोसी को खेत के चारे को खोदते हुए देख लिया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा बाला के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इसी बीच नरेश भी मौके पर पहुंच गया और उसने आरोपी को रोकना चाहा तो आरोपी ने नरेश के फावड़ा मारकर घायल कर दिया इस दौरान नरेश व उसकी पत्नी बाला घायल हो गए। घायल दंपति कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल दंपति को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी भेज दिया

**योगेश हत्याकांड में एक सभासद सहित आठ लोगों के नाम आए सामने**

# भाई समेत जेल में है पूर्व प्रधान पति

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर में 12 अप्रैल की रात को युवक की पीट पीटकर हत्या में पुलिस जांच में नगर पालिका गजरौला के एक सभासद सहित आठ लोगों के नाम सामने आए हैं। इनमें से पूर्व प्रधान पति व उसका भाई जेल में हैं, जबकि अन्य की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि 12 अप्रैल को दोपहर में फौंदापुर गांव निवासी योगेश कुमार व बारसाबाद गांव के पूर्व प्रधान पति राजवीर सिंह के बीच विवाद हो गया था। पहले योगेश कुमार ने राजवीर सिंह के साथ मारपीट की, बाद में राजवीर सिंह पक्ष के लोगों ने योगेश कुमार के भाई प्रशांत के साथ नगर के खादगूजर तिराहे के पास मारपीट की। जिसके बाद योगेश रात के समय अपने पिता जहेन्द्र सिंह

**सभासद व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस जुटी**

व ताऊ नरेश कुमार के साथ समाज के संभ्रांत लोगों के पास जा रहा था, आरोप है कि रास्ते में राजवीर सिंह, उसके भाई मनोज कुमार व कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे आदि से पीटकर योगेश की हत्या कर दी थी, जबकि उसके पिता व ताऊ भी घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसी दिन मनोज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था, जबकि राजवीर ने पिछले सप्ताह कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त डंडे आदि बरामद किए थे और पूछताछ की थी। पुलिस विवेचना में राजवीर व मनोज के अलावा छह आरोपियों के नाम सामने आए हैं। जिनमें एक सभासद है जबकि दो आरोपी गांव पाल, दो आरोपी बस्ती चौहानपुरी, एक आरोपी मझौला गांव है। इस तरह इस घटनाक्रम में राजवीर व मनोज सहित कुल आठ लोग शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी को पुलिस जुटी है।

## पुरानी रंजिश में युवक को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट मारपीट में युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल को पुलिस ने मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। बुधवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक निवासी राजवीर पुत्र टेकचंद का आरोप है कि वह गांव में अपने घर के बाहर रास्ते में खड़ा हुआ था तभी आरोपी आये और लाठी डंडे व सरियो से युवक की पिटाई करने लगे युवक ने शोर मचाया तो युवक के परिजन व मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गये। भीड़ इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।

## खम्भे से गिरकर लाइनमैन घायल

**हसनपुर।** लाइन ठीक करने खम्भे पर चढ़ा लाइनमैन गिरकर घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीती रात आयी तेज आंधी से नगर में कई जगह विद्युत फाल्ट हो गये। कोतवाली क्षेत्र के गांव भूतखेड़ी का संविदा लाइनमैन दुष्यंत जैसे ही लाइन ठीक करने के लिए खम्भे पर चढ़ा, अचानक उसका पैर फिसल गया तथा वह धड़ाम से नीचे आ गिरा। जिससे उसकी टांग में गंभीर चोटें आयीं। घायल लाइनमैन को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निरोगी रहने का योग आवश्यक



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में 'योग दिवस' पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने अपने विचार रखे। प्राचार्य डॉ रिजवाना कुलसुम ने कहा कि योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में योग के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को योग के अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कॉलेज के प्रबन्धक डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी ने योग के बारे में बताया कि इस दिन विशेष रूप से योग के फायदे और योग के माध्यम से जीवन में संतुलन स्थापित करने का सही तरीका है। इस अवसर पर स्टाफ मौजूद रहा।

# अमृत सरोवर को नष्ट करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** मछली पकड़ने को लेकर दबंगों ने करोड़ों रुपये की लागत से बने अमृत सरोवर को किया नष्ट कर दिया।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव अगरौला कला निवासी महीलाल पुत्र करन सिंह द्वारा जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में बने करोड़ों रुपए की लागत से अमृत सरोवर की चार दीवारी, इंटरलॉकिंग रास्ता एवं पुलिया को तोड़कर नष्ट एवं अवैध कब्जा करने का गांव के दबंग लोगों पर आरोप लगाया गया है। इसी के साथ शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया कि गया कि दबंगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण कोई भी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया की अमृत सरोवर मछलियों का पालन किया जा रहा था और मछलियों को पकड़ने के उद्देश्य से दबंगों द्वारा यह कार्य किया गया है। इसी के साथ शिकायतकर्ता द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों पर भी दबंग के साथ मिली भगत होने का आरोप लगाया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से अमृत सरोवर को कब्जा मुक्त करवाये जाने की मांग की है।

# आंधी से गजरौला जोन में एक करोड़ का नुकसान

**एक महीने के भीतर तीसरी बार हुआ बिजली विभाग को बड़ा नुकसान**

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** 15 अप्रैल से 21 मई के बीच लगभग एक माह के अंदर ही विद्युत विभाग को आंधी, तूफान व बारिश से बड़ा नुकसान दिया है। बीते दिन बुधवार को आई आंधी व बरसात के कारण गजरौला जोन में करीब एक करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है। बता दें कि गजरौला जोन में 12 डिवीजन अमरोहा प्रथम, अमरोहा द्वितीय, गजरौला प्रथम, गजरौला द्वितीय, बिजनौर प्रथम, बिजनौर द्वितीय, चांदपुर प्रथम, चांदपुर द्वितीय, धामपुर प्रथम, धामपुर द्वितीय, नगीना और नजीबाबाद का क्षेत्र सम्मिलित है। चांदपुर, धामपुर, नगीना, बिजनौर व नजीबाबाद डिवीजन बिजनौर जनपद के अन्तर्गत ही आते हैं। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 500 से अधिक खंभे टूटे हैं तो वहीं 70 से अधिक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ बिजली की तारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इस कारण बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई है, जिसे सुधारने के लिये विभागीय कर्मचारी जी जान से जुटे हैं। मात्र एक माह के भीतर ही आंधी, तूफान व बारिश के चलते विभाग को बड़ी चपत लगी है। गजरौला जोन के मुख्य अभियंता राजेश कुमार ने बुधवार की रात को आई आंधी व बारिश से हुए नुकसान के लेकर प्रारंभिक रूप से बताया कि गजरौला जोन के अन्दर सभी डिवीजनों में लगभग 500 पोल व 70 टीएफ और बिजली तारों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि अभी पैट्रोलिंग की जा रही है। बता दें कि एक माह के भीतर तीन बार आंधी तूफान व बारिश के चलते विभाग को कई करोड़ का नुकसान हुआ है, साथ ही ऐसी घटनाओं के बाद विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित होती है। पिछली बार आई आंधी में तो खंबो, टीएफ के साथ साथ बिजली तारों के बड़े टावर भी क्षतिग्रस्त हो गए थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

आधार कार्ड में मेरा नाम Zaibun Nisha अंकित है जोकि सही है जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम Jaibuns Nisha लिखा है जोकि गलत है। भविष्य में मुझे Zaibun Nisha नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

जैबुन निसा पत्नी अब्दुल मलिक निवासी मोहल्ला नई बस्ती नौगावां सादात तहसील नौगावां सादात जनपद अमरोहा

# खुदाई के दौरान मिट्टी ढही मलबे में दबकर तीन की मौत, एक गंभीर

**जेसीबी से दोनों तरफ किया जा रहा था गड्ढा, तब हुआ हादसा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा माहिम गांव में बुधवार रात मजार पुनर्निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से दोनो ओर नींव खोदते समय मिट्टी धंसने से उसमें दबकर एक किशोर समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई तथा इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लखनऊ रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पिपरा माहिम गांव में मासूम-ए-मिल्लत की पुरानी मजार और बड़ा करने के लिए उसके दोनो ओर जेसीबी से नींव की खुदाई चल रही थी। जिसे मजार के जिम्मेदार फरजान रजा (38) की निगरानी में किया जा रहा था। बुधवार की रात करीब नौ बजे जेसीबी मशीन से मिट्टी हटाने के दौरान अचानक मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। इस हादसे में गांव के निवासी फरजान रजा, शकील मोहम्मद (50), असद (14) और मनकापुर के रजवापुर निवासी फकीर मोहम्मद (20) मलबे में दब गए।

जिसे देख मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला और गंभीर रूप से घायल फरजान रजा को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाह नगर ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं शकील, अशद और फकीर को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही छपिया थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम का माहौल है। इस संबंध में एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की एक अदालत ने हत्या के विचाराधीन मामले में सुनवाई के वाद दो आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा आर्थिक दंड भी लगाया गया है। घटनाक्रम वर्ष 2013 मे 3 अक्टूबर का था थाना फरिहा के गांव कोडर में ग्रामीणों नेदो युवकों को भैंस चोर समझ कर मारपीट कर दी थी मारपीट से दोनों दलित युवको की मौत हो गई थी। बाद में दोनों शवों को नाले में फेंक दिया था जिन्हें पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। उप निरीक्षक कन्हैया सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने प्रधान जितेंद्र प्रताप उर्फ जेपी, प्रेमपाल, रविन्द्र , भूपेंद्र निवासी कॉडर तथा गिरेंद्र निवासी सीतापुर नगला, अमर सिंह थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एस सी एसटी एक्ट नवनीत गिरि की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र सिंह ने की। मुकदमे के दौरान जितेंद्र प्रताप,प्रेमपाल तथा भूपेंद्र की मौत हो गई। इस दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

## बकरी पालकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कमरौली अमेठी।** इलाके में मौजूद राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर स्थित ख्रषि विज्ञान केन्द्र कठौरा में बृहस्पतिवार को चल रहें चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पशु वैज्ञानिक डॉ सुरेन्द्र सिंह ने बकरी पालकों को बकरी पालन का महत्व, आवासीय व्यवस्था पोषण प्रबंधन बकरियों की विभिन्न नस्ल प्रजनन प्रबंधन परजीवी नियंत्रण हरे चारे की व्यवस्था तथा बकरियों की बीमारियों की रोकथाम के लिए बकरी पालकों को प्रशिक्षण दिया गया ख्रषि वैज्ञानिक डॉ सुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बकरी पालकों का बीस मई से चौबीस म ई तक प्रशिक्षण होना है जिसकी शुरुआत की जा चुकी है यह प्रशिक्षण आगामी चौबीस मई तक चलेगा बकरी पालक प्रशिक्षण शिविर में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करे।

## रायबरेली सेंट्रल बार एसोसियेशन चुनाव के नतीजे घोषित

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली अधिवक्ताओं की जिले की सबसे बघी संस्था सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे बुधवार देर रात घोषित हुए। जिले की दीवानी एवं सत्र न्यायालय सेंट्रल बार एसोशिएशन मे देर रात घोषित हुए नतीजों में राकेश तिवारी एडवोकेट को अध्यक्ष और योगेंद्र दीक्षित एडवोकेट को महामंत्री घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर सुनील कुमार तिवारी एडवोकेट विजयी हुए। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संतोष शुक्ला एडवोकेट ने फतेह हासिल की है। उपाध्यक्ष के दो पदों पर मुकेश बाजपेयी एडवोकेट और राघवेंद्र सिंह एडवोकेट ने अपना झंडा बुलंद किया है। वही कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सर्वेन्द्र सिंह एडवोकेट उर्फ बन्ना और संयुक्त मंत्री पद पर गोविंद बहादुर सिंह सुभाष श्रीवास्तव और शुभम अवस्थी विजयी हुए है। वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य के पद पर अधिवक्ता गण अनुराग उपाध्याय करुणेंद्र मिश्रा संजय मिश्रा मुकेश कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, कमलेश कुमार यादव विजयी हुए है। अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार तिवारी के दो मतों के अंतर से निर्वाचित होने पर विपक्षी अधिवक्ताओ द्वारा पुन: मतगणना का दबाव पघ जिसके बाद पुन: मतगणना में दो मतों के अंतर से उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुरेश कुमार यादव एडवोकेट को पराजित किया। गौरतलब है कि काफी समय से सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव लंबित था इसके पीछे कारण कुछ विवाद था। इसी विवाद के कारण मामला उच्च न्यायालय में चला गया था। न्यायालय से रास्ता साफ होने के बाद बीते मंगलवार को अधिवक्ताओं के मध्य चुनाव हुए और आज देर रात तक परिणाम घोषित हुए।

## समर कैंप में बच्चों को बताए गए योग के लाभ

**सीतापुर।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश में शासन के आदेश के बाद समर कैंप का आयोजन 21 में से प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते विकास क्षेत्र सकरन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय व राजकीय इंटर कॉलेज सांडा तथा कंपोजिट विद्यालय कलिमापुर में गुरुवार को समर कैंप कराया गया। इसके तहत विद्यालय के बच्चों को योग एवं व्यायाम, स्वपरिचय, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, रस्सीकूद आदि विभिन्न गतिविधियां कराई गई। कंपोजिट विद्यालय कलिमापुर में समर कैंप में खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह के द्वारा शीर्षासन किया गया। उन्होंने इसके लाभ को बच्चों में बताते हुए इसका नियमित अभ्यास करने की बात कही। इसके साथ - साथ उन्होने बताया कि समस्त 49 उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप का आयोजन 21 मई से 10 जून तक किया जाना है। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के बालक बालिकाएं प्रतिभा करेंगी। जिसके लिए अनुदेशक और शिक्षामित्र को नामित किया गया है। दिवसवार गतिविधियों का रोस्टर निश्चित है। जिसके तहत बच्चों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप की गतिविधियों का निरीक्षण ब्लॉक स्तर के साथ-साथ जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के प्रवीण कुमार, रुचि वर्मा, धीरेन्द्र पटेल, कफील अहमद आदि मौजूद रहे।

## अधेड का शव मिलने से क्षेत्र मे फैली सनसनी

**जगदीशपुर अमेठी।** संदिग्ध परिस्थितियों मे अधेड का शव मिलने से स्थानीय लोगो मे सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर छानबीन मे जुटी। थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित श्रीरामगंज चौराहे के समीप हाइवे पुल के निकट उस समय अफरा तफरी मच गई जब राहगीरों ने एक अधेड का शव पुल के समीप पडा देखा जिसकी जानकारी होने पर आसपास के तमाम लोग इकठा हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव की पहचान कराने के लिए घंटो जूझती रही लेकिन खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी अंतोगत्वा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नही हो सकी फिलहाल शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई जारी है ।

## बांदा में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के चिल्ला क्षेत्र में पुलिस ने एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर अवैध असलहों का जखीरा बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बुधवार शाम को बताया कि चिल्ला थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त चेलकग के दौरान चिल्ला थाना क्षेत्र के सहूरपुर गांव के मोड़ के निकट दो संदिग्ध व्यक्तियों चिल्ला थाना क्षेत्र की चमराह गांव निवासी जय सिंह और महोबा जिले के कबरई थाना क्षेत्र की सनैचा गांव निवासी भजना को गिरफ्तार किया गया और उनकी निशादेही पर बीती देर रात घर पर छापा मार कर एक अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री बरामद की गई थी। फैक्ट्री से तीन अर्ध निर्मित तमंचे सहित 10 अवैध तमंचे, एक रिवाल्वर, खाली व भरे कारतूस, फैक्ट्री में शस्त्र निर्माण के सभी उपकरण और भारी मात्रा में असलहा बनाने की सामग्री आदि बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी भजना व जय सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें अदालत में पेश किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक लंबे समय से चल रही इस अवैध असलहा निर्माण फैक्ट्री से निर्मित असलहे बांदा व आसपास के सभी सीमावर्ती जनपदों में 5- 6 हजार रुपए में बेचे जाते थे। बेचे गए असलहों के खरीददारों की जांच कर उन्हें सूचीबद्ध कर आगे कार्रवाई होगी।

# मलिहाबाद में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का शिविर आयोजित

### जल्द वितरित होंगे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग द्वारा शुक्रवार को मलिहाबाद में एकदिवसीय पंजीकरण एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 24 दिव्यांगजन लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग, ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र, बैसाखी, व्हीलचेयर जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराना रहा, ताकि वे जीवन के मुख्य प्रवाह में आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ सकें। शिविर में पहुंची विभागीय विशेषज्ञ टीम ने लाभार्थियों की चिकित्सकीय जांच की और उनकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार उपकरणों के माप दर्ज किए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उपकरणों का वितरण शीघ्र ही सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे पंजीकृत दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें। सरकार ने हाल के वर्षों में दिव्यांगजनों के हित में कई दूरगामी कदम उठाए हैं।

सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि 'विकलांग' जैसे नकारात्मक शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को मान्यता दी गई, जिससे न केवल भाषा का स्वरूप बदला, बल्कि दृष्टिकोण भी बदला। यह नाम परिवर्तन केवल शब्दों की अदला-बदली नहीं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में एक संवेदनशील पहल है। अब दिव्यांगजन स्वयं को समाज से कटे हुए नहीं, बल्कि समाज का समर्थ और सम्मानित अंग अनुभव करते हैं। शिविर में आए कई लाभार्थियों ने सरकार के इस कदम की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें न केवल सहूलियतें मिलती हैं।

# कालेज का स्थाई रास्ता न होने से छात्रों को करना पड़ता है कठिनाइयों का सामना

**जरा सी बारिश होने पर पूरे रास्ते में भर जाता है पानी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के कस्बा राजाफत्तेपुर में स्थित राजकीय इण्टर कालेज में स्थाई रास्ता न होने के चलते छात्र छात्राओं सहित पूरे स्टॉप को कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है जरा सी बारिश होने पर पूरे रास्ते में पानी भर जाता है।और पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है जिसके चलते छात्र गिर कर चोटिल हो रहे हैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पाण्डेय का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत पत्र देकर मामले से अवगत करवाया गया लेकिन आज तक विद्यालय के रास्ते का कोई हल नहीं निकल सका जिस कारण जरा सी बारिश होने पर छात्रों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जो एक गंभीर विषय है।

वहीं युवा समाज सेवी राजीव त्रिवेदी का कहना है कि शासन द्वारा इस राजकीय इण्टर कालेज में लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके लगातार निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जो एक सराहनीय कार्य है। लेकिन कई बार लिखित शिकायत करने के बाद भी आज तक इस विद्यालय को अपना स्थाई रास्ता नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते बारिश के समय छात्रों को विद्यालय आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है शासन प्रशासन को इस समस्या को तुरंत संज्ञान में लेकर छात्रों के हित के लिए जल्द से जल्द पक्का रास्ता बनवाया जाना चाहिए जिससे छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। वहीं इस मामले को लेकर जब जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह एक गम्भीर विषय है जल्द ही उच्चाधिकारियों को मामले से पुन: अवगत करवाया जाएगा।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी

### लखनऊ में विद्युत आपूर्ति चरमराई, पांच लाख उपभोक्ता बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** में विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों का निजीकरण के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन तेज होता जा रहा है। बीते दो दिनों से जारी इस हड़ताल के चलते राजधानी की बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है।

बिजली गुल होने से पांच लाख से अधिक उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं उपकेंद्रों और लाइन फॉल्ट को सुधारने के लिए विभाग के जूनियर इंजीनियरों को खुद मैदान में उतरना पड़ रहा है। इसी दौरान एक जेई करंट की चपेट में आ गए, जिससे कर्मचारियों की सुरक्षा और संसाधनों की सीमाएं भी उजागर हो गईं। संविदा कर्मियों का यह आंदोलन सरकार की उस नीति के खिलाफ है जिसमें पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की योजना बनाई गई है। कर्मचारियों का मानना है कि यदि निजीकरण हुआ तो 77 हजार से अधिक पद समाप्त हो जाएंगे, जिनमें 50,000 संविदा कर्मी, 23,818 तकनीशियन, 2,154 जूनियर इंजी. नियर और 1,518 अभियंता शामिल हैं। यह सिर्फ नौकरी जाने का संकट नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका पर सीधा प्रहार है। बिजली कर्मियों की प्रमुख मांगें हैंख्र निजीकरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक, संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, डड्यूटी के दौरान किसी दुर्घटना की स्थिति में कैशलेस इलाज की सुविधा और भविष्य की नौकरी की गारंटी। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। शहर के शक्ति भवन के सामने कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन देखते ही देखते विशाल रैली में बदल गया। 10 राज्यों से आए लगभग 5 हजार बिजली कर्मचारियों ने लखनऊ की सड़कों पर उतरकर निजीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। विरोध इतना उग्र हुआ कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 5 थानों की पुलिस और केंद्रीय बलों की तैनाती करनी पड़ी। बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरडीएसएस योजना से जुड़े कर्मचारियों को अस्थायी रूप से काम पर लगाया गया है, मगर वे पूरे शहर का भार उठाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। इस आंदोलन ने न सिर्फ प्रदेश की बिजली व्यवस्था को हिलाकर रख दिया है, बल्कि सरकारी नीतियों के प्रति कर्मचारियों में गहराते असंतोष को भी उजागर किया है। यदि सरकार ने इस असंतोष को समय रहते नहीं समझा और ठोस वार्ता की पहल नहीं की, तो यह संघर्ष आने वाले दिनों में एक बड़ा जनांदोलन बन सकता है।

# झमाझम बारिश होने के बाद धान की नर्सरी की तैयारी में जुटे किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** क्षेत्र में बुधवार को बीती रात हुई बरसात से किसानों के खेतों में पानी भर गया तो बृहस्पतिवार को सुबह किसानों ने धान की नर्सरी उगाने के तैयारी शुरू कर दिया है इन्हौना क्षेत्र के चौनापुर गांव के राम चंद्र वर्मा, मकदूमगंज के रमेश वर्मा, इन्हौना के बड़े किसान सियाराम दत्त मिश्रा मांझिल के अनुसार यहां सीजन की पहली बार बरसात हुई जिसमें किसानों के खेतों में जलभराव हो गया तों किसानों ने अब धान की नर्सरी डालने के लिए खेतों की तैयारी शुरू कर दिया है अब जल्द ही किसान अपने खेतों में धान की नर्सरी डालने का काम करेंगे तैयारी शुरू हो गई है ख्रषि विज्ञान केन्द्र कठौरा के ख्रषि वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि बुधवार को बीती रात हुई तेज बरसात से किसानों को अब धान की पौध उगाने के लिए तैयारी शुरू कर देना चाहिए ताकि समय पर धान की रोपाई हो सके जिससे पैदावार भी अच्छी हो सकेगी।

कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को सलाह दी है कि किसान अब धान की नर्सरी डालने के लिए खेतों की जुताई गुड़ाई गोबर खाद इत्यादि कर खेतों में पानी भरने का काम करें। झमाझम बारिश के बाद अब इन्हौना सहित तमाम स्थानों में दुकानों पर धान के बीज खरीदने के लिए तमाम किसान दिखाई पड़े। इन्हौना अहोरवा भवानी सड़क मार्ग पर खाद बीज के विक्रेता यश त्रिवेदी के अनुसार दर्जनों गांवों के किसान धान के बीज नर्सरी डालने के लिए ले गए। साधन सहकारी समिति इन्हौना के सचिव राम प्रकाश यादव ने बताया कि बारिश के बाद अब खेती किसानी का काम शुरू हो गया है।


**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस संख्या – 51255336 दिनांक: 22.05.2025**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ 226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51255336 | Supply, Installation and Commissioning of Pressurized Flushing System for all LHB Coaches as per Specification MMDTS-19027 Rev.3. | 400 Set | 20.06.2025 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट याने www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

1507/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-08-सीनि0 डी0ई0ई0-लखनऊ-25 |
| 2 | कार्य का नाम | 105 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर को 160 वर्ग मिमि कॉपर जम्पर में परिवर्तित करके ओएचई का वृद्धि, लखनऊ/एनआर डिवीजन में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस का प्रावधान। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 2,47,96,253.88 |
| 4 | बयाना राशि | रु0 2,74,000.00/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनॉंक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। सं0 : टीआरडी-08-सीनि0 डी0ई0ई0-लखनऊ-25 दिनॉंक 21.05.2025

1498/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पहली ही बरसात में कच्चा रास्ता बना तालाब

## आरटीआई स्कूल से बटुआ शहीद मार्ग की हालत खस्ताहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** ग्राम पंचायत के अंतर्गत आईटीआई स्कूल भवन से होकर बटुआ शहीद बाबा की मजार होते हुए बाराबंकी जिले के सैकड़ों गांवों को जाने वाला कच्चा रास्ता पहली बरसात में तालाब बन गया बुधवार को बीती रात्रि में झमाझम बरसात हुई तो इस रास्ते में बड़े बड़े ग्रों में लबालब पानी भर गया तो सड़क का नजारा तालाब जैसा दिखाई पड़ रहा है कच्चे मार्ग की हालत खस्ता हाल हो गई हैं इस रास्ते से औद्योगिक क्षेत्र के लिए जाने वाले मजदूरों को अब पांच किलोमीटर दूर सेमरा और अंगुरी के रास्ते जाना पड़ रहा है पांडे गांव के हरिसरन मिश्रा ने दैनिक भास्कर को जानकारी देते हुए बताया कि वे इंडोरामा कंपनी मे वे दैनिक मजदूरी करने आईटीआई स्कूल के रास्ते से जातें हैं यह रास्ता काफी खराब हो चुका है जिम्मेदार लोग इस सड़क को बनवाने में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

चौनापुर गांव के रामचंद्र लोधी कहते हैं आईआईटी स्कूल से बटुआ शहीद बाबा मजार तक जाने वाले सड़क मार्ग बरसात में टापू बन जाता है फिर भी कोई जनप्रतिनिधि इस सड़क मार्ग को बनवाने में कोई रुचि नहीं ले रहा हैं।

समाजसेवी अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आईटीआई मार्ग का निर्माण होने से सैकड़ों गांवों के नागरिकों के लिए आवागमन की समस्यायों का निदान हो जाएगा।

## परिषदीय स्कूलों में समर कैंप की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप में बच्चों को योग अभ्यास खेल कूद सहित तमाम रचनात्मक कार्यों में हिस्सा लेने का मौका मिल रहा है।

अमेठी में समर कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई पड़ रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा गर्मी के छुट्टियों को रुचिकर बनाने के लिए स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस बार समर कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई पड़ रहा है। स्कूल में छुट्टी के बावजूद भी बच्चे स्कूल पहुंच रहे है।समर कैंप में योग अभ्यास विभिन्न प्रकार के खेल वा अन्य क्रिया कलाप के माध्यम से बच्चों को नई नई चीजें सिखाई जा रही है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी और शिक्षकों के साथ साथ स्कूली बच्चे भी उत्साहित है। जिले के 416 विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन चल रहा है।यह कार्यक्रम 21 मई से 10 जून होगा।यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे से दस बजे तक चल रहा है।सुबह के समय मौसम ठंडा होने से बच्चे को भी कार्यक्रम में शामिल होने में सुगमता हो रही है। यह कार्यक्रम जिले के कंपोजिट और उच्च प्रथमिक विद्यालयों में हो रहा है। छात्रा दीपिका ने बताया कि समर कैंप में हम लोगों को नई नई चीजें सीखने को मिल रही है।यह कैंप हम लोगों के लिए बहुत उपयोगी है।

हम लोग गर्मी के छुट्टी में सीखने के साथ साथ इसका इंज्वॉय भी कर करे है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को ज्वाय फुल शिक्षा दी जा रही है। इसमें बच्चों को आत्म निर्भर बनाने का मौका मिल रहा है। जिले में 416 स्कूलों में यह कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह बहुत ही अच्छी पहल है।

## स्टेज पर चढ़कर युवक ने किया फायर

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा कोदहरा ग्राम पंचायत में बुधवार की रात्रि में एक तिलक समारोह कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान आगन्तुकों के मनोरंजन के लिए डांस पार्टी का आयोजन किया गया था । इसी बीच एक युवक अचानक स्टेज पर आ गया और आवाज तमंचे से फायरिंग करने लगा। फायरिंग के दौरान वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि स्टेज पर नृत्य कर रहे कलाकार यह समझ ही नहीं पाए की स्टेज पर असली तमंचे से फायर हो रहा है। हालांकि इस पूरी घटना को वहां पर मौजूद कई लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे पर रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि फायर करने वाले व्यक्ति का नाम अपनेश है। हालांकि इस संबंध में लहरपुर कोतवाली में किसी भी तरह की तहरीर नहीं दी गई है। लहरपुर कोतवाली पुलिस का कहना है।

# आंधी में छत से गिरकर किसान की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, चारपाई उतारने गया था छत पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भीषण आंधी तूफान में छत से गिरकर किसान की मौत हो गई। बिना कानूनी कार्रवाई के किसान के शव का अंतिम संस्कार कर दिया



कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल की मढ़ेया गांव निवासी 50 वर्षीय किसान शिवचरन सिंह बुधवार की रात आई तेज आंधी के चलते मकान की छत पर पड़ी चारपाई उतारने के लिए गये थे। इसी दौरान वह चारपाई उतारते समय अचानक मकान की छत से नीचे गिर गये। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों के द्वारा घायल किसान को एक निजी चिकित्सक को दिखाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों ने मृतक किसान के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी पार्वती के अलावा 6 बेटियां सर्वेश, रूमी, रीनू, मीनाक्षी, पूजा, आंचल के अलावा दो बेटे ब्रह्मपाल सतीश को रोते-बिलखते छोड़ गया है। जिनमें किसान की दो बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि किसान का एक बेटा सतीश दिव्यांग है। मृतक खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण करता था।



# पत्नी से परेशान युवक ने पिया कीटनाशक

## भाजपा सभासद पर पत्नी को अगवा करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पत्नी से परेशान युवक ने सुसाइड नोट लिखने के बाद कीटनाशक का सेवन कर लिया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने बिना देर किए युवक को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत में मेरठ रेफर किए गए युवक ने सुसाइड नोट में भाजपा के सभासद व एक शिक्षक पर आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर करने और पत्नी को अगवा कर अपने पास रखने का आरोप लगाया है। मामले में कार्रवाई से पहले पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी से जुड़ी है। यहां रहने वाले इकबाल नाम के एक युवक ने गुरुवार दोपहर अचानक बागों की धुलाई में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद बीच सड़क ही उसकी हालत बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने सूचना तुरंत डायल-112 को दे दी। मुख्यालय से लोकेशन मिलते ही पीआरवी 6201 पर तैनात हेड कांस्टेबल रईसउद्दीन, कांस्टेबल हिमांशु व चालक शुभम फौरन मौके पर पहुंच गए और बिना देरी किए इकबाल को अपने साथ जिला अस्पताल ले गए। थोड़ी देर में परि. जनों के अलावा भूड़ चौकी पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। वहीं, हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने इकबाल को मेरठ रेफर कर दिया। इससे पहले पूछताछ के दौरान पुलिस को युवक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने पत्नी से विवाद के चलते शहर निवासी भाजपा के सभासद के अलावा एक शिक्षक पर आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। युवक ने लिखा है कि मेरी मौत का जिम्मेदार मेंबर और शिक्षक होगा जो मेरी पत्नी पर मुझे छोड़ने का दबाव बना रहा है। दोनों के बीच फोन पर भी बातचीत होती है। युवक ने पत्नी और शिक्षक की कॉल डिटेल चेक कराने की बात भी लिखी है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।





फोटो (ऊपर व नीचे) आंधी व बारिश से टूटे खंबे, उखड़े पेड़, तारों पर गिरी टहनियां

**देर रात तक तेज आवाज के साथ गरजती रही बिजली, लोग सहमे**

# आंधी व बारिश से कई स्थानों पर नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बुधवार की शाम से प्रारंभ होकर देर रात तक आए आंधी व बारिश के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर नुकसान हुआ। खादर क्षेत्र के एक गांव में पेड़ गिरने से एक भैंस की मौत हो गई जबकि महिला घायल हो गई। लेखपाल ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बता दें कि बुधवार की शाम को ही आंधी व बारिश होनी शुरू हो गई थी। इस कारण थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में स्थित भोपाल सिंह की डेयरी पर लगी टीनशेड उड़ गई तो वहीं इसी गांव में स्थित मेहंदी हसन नामक ग्रामीण का एक मकान भी गिर गया, गनीमत रही कि घटना के दौरान किसी को चोट नहीं आई। बगद नदी के पुल के पास भी आंधी से एक यूनिक पोल गिर गया तो वहीं सलारपुर में भी दीवार क्षतिग्रस्त हो गई और एक यूनिक पोल यहां पर भी गिर गया। इसके अलावा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे तमाम साइन बोर्ड भी तेज आंधी व बारिश के चलते फट गए और उड़ गए।

**■ पेड़ गिरने से महिला घायल, यूनिक पोल भी गिरे**

**दारानगर गांव में पेड़ गिरा, महिला घायल, भैंस की मौत** तेज आंधी व बारिश के चलते गांव निवासी हरप्रसाद के आंगन में खड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ के नीचे दबकर जहां हरप्रसाद की पत्नी घायल हो गई तो वहीं भैंस की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

**तेज आवाज के साथ कड़कती रही बिजली, लोग सहमकर घरों में दुबके**

बुधवार की रात को तेज आंधी व बारिश के साथ तेज आवाज के साथ गरज रही बिजली से भी लोग सहम गए। वे बिजली गिरने के डर से घरों में ही दुबके रहे। घंटो तक ऐसा ही आलम रहा, पूरा आकाश बिजली की आवाज से गूंजता रहा। चर्चा है कि एक औद्योगिक इकाई की चिमनी पर भी बिजली गिरी।

# अवनी ने किया सेंटर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण कर यहां रह रही पीड़िताओं से वार्ता की।

गुरूवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अल्पवासित तीन पीड़िताओं के साथ वार्ता कर उन्हें माता पिता के साथ रहने की सीख दी। कहा कि घर से सुरक्षित माहौल उन्हें कही नहीं मिलेगा। सेंटर द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी की जबकि मेडिकल पंजिका, अल्पावास पंजिका, कंस पंजिका पर नजर डाली। इस मौके पर उनके साथ राकेश सिंह भी मौजूद रहे।

# दम्पति व अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## पुश्तैनी मकान को लेकर भिड़े थे दो पक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुश्तैनी मकान के बैनामे को लेकर नौ दिन पूर्व तहसील परिसर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में दंपति व अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बस्ती के मोहल्ला फखरपुरा निवासी सैय्यद हसन आब्दी ने तीन शादियां की थीं। पहली बीवी यासीन से उनकी कोई संतान नहीं थी जबकि दूसरी बीवी गोलो से एक बेटी निदा हसन है वहीं तीसरी बीवी गुल बानों से उनके एक बेटा तारिक हसन है। मां-बेटे मुंबई में रहते हैं वहीं सैय्यद हसन ने अपनी दूसरी बीवी गोलो को तलाक दे दिया था। बीते दिनों गोलो बेटे तारिक को लेकर मकान का बैनामा करने तहसील पहुंची थीं, भनक लगने पर शौहर कंबर अली के साथ पहुंची निदा हसन ने इसका विरोध किया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच हुई कहासुनी में नौबत मारपीट तक जा पहुंची थी। हंगामा बढ़ने पर एसडीएम व तहसीलदार ने पुलिस बुलाकर बिगड़ते हालात पर काबू पाया था। बाद में गोलो ने अधिवक्ता शबाब आलम के साथ रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर मकान का बैनामा कर दिया था। मामले में एक पक्ष की ओर से निदा हसन तथा दूसरे पक्ष से अधिवक्ता शबाब आलम ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर कंबर अली, निदा हसन और एक अज्ञात तो वहीं निदा हसन की शिकायत पर अधिवक्ता शबाब आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# आम की फसल पर आफत बनकर टूटी आंधी

## कारोबारियों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एक तो पहले से ही फसल कमजोर, दूसरे भीषण आंधी तूफान ने आम कारोबारियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। टूटे हुए आमों के ढेर को देखकर आम कारोबारी की नींद उड़ गई है।

हसनपुर क्षेत्र आमों की पट्टी के नाम से पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां का आम देश-विदेश को भेजा जाता है। हसनपुर क्षेत्र के आम के जायका अपने आप में दूर-दूर तक मशहूर है। यहां से बम्बई, लंगड़ा, दसेरी, चौसा, फजरी, हुसैन आरा, सबर बहीश, खासुल खास अपनी मिठास से पूरी दुनिया को अपनी और आकर्षित करते हैं। न्यादर मनौटा यह का बड़ा ही मशहूर आम है। अनवर रहटोर भी यहां पर पैदा होता है। हजारों परिवार हसनपुर क्षेत्र में आम के कारोबार में लगे हुए हैं तथा उनकी रोजी रोटी यही से चलती है। इस बार हसनपुर क्षेत्र में आम की फसल काफी हल्की है। इसको देखकर आम कारोबारी परेशान थे। लेकिन रात आये भीषण आंधी तूफान ने मानो आम कारोबारों की कमर तोड़कर रख दी है। छोटी फसल होने के बावजूद जो पेड़ों पर आम लगे हुए थे वह आंधी तूफान में टूट कर पेड़ों से नीचे गिर गये हैं। जिसे देखकर आम कारोबारियों के चेहरो से मुस्कान गायब हो गई है। आंधी तूफान में गिरे आम के ढेरों को देखकर कारोबारियों ने अपने सर को पकड़ लिया है। आम के छोटे व्यापारी उधार कर्ज लेकर इस कारोबार को करते है। पहले छोटी फसल अब आंधी तूफान से हुए भारी नुकसान को वह सहन नही कर पा रहे हैं। छोटे आम कारोबारियों के सामने अब कर्ज चुकाने की समस्या आकर खड़ी हो गई है।



■ हसनपुर। आंधी से बर्बाद हुई आम की फसल के बाद बैठा कारोबारी।

# रंजिश में कॉलेज संचालक की चप्पलों से पिटाई

## रेप के झूंठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रंजिश के चलते इंटर कॉलेज के संचालक की कार को घेर लिया। रेप के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए सरेराह चप्पल से पिटाई की। ईंट मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने आरा. पी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव असगरीपुर निवासी मजाहिर हुसैन का गांव में ही इंटर कॉलेज है। उनके कॉलेज के सामने एक हाई स्कूल कालेज भी है। जिसकी संचालिका महरीन है। पुलिस के मुताबिक काले. जों को लेकर महरीन और मजाहिर हुसैन के बीच रंजिश चल रही है। मजाहिर हुसैन का आरोप है कि महरीन कई दिन से उन्हें फोन पर धमकी दे रही है। रेप के झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की भी धमकी देती है। एफआईआर के मुताबिक बुधवार दोपहर मजाहिर हुसैन कार में सवार होकर कालेज से घर जा रहे थे। आरोप है कि महरीन ने ईंट मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। मजाहिर हुसैन ने जब इसका विरोध किया तो उनका गिरेबान पकड़कर चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। गाली-गलौज की और झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में यासीन हाई स्कूल की संचा. लिका महरीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

**■ आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट**

**बैठक से लगातार अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने उठाया कदम**

# चिकित्सक की सेवा समाप्ति के प्रस्ताव के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सीएमओ को निर्देश दिये कि वह अभियान चलाकर अपंजीकृत रूप से चल रहे अल्ट्रासांउड सेंटर, क्लीनिक व पैथलोजी लैब पर कार्रवाई करें। लगातार बैठक से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सक की सेवा समाप्ति के लिये प्रस्ताव बनाये।

बताते चले कि जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में सांसद कंवर सिंह तंवर ने अवैध अस्पताल, पैथलोजी लैब व अंपजीकृत अल्ट्रासांउड सेंटर पर कार्रवाई के निर्देश दिये थे। आज डीएम ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। जिसमे उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आईडी, परिवार नियोजन, आयुष्मान गोल्ड कार्ड, प्रसव ओपीडी के अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। डीएम ने पूछा कि रात में कितनी सीएचसी क्रियाशील है। जिस पर सीएमओ संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। डीएम ने कहा कि जहां हेल्थ एटीएम नहीं चल रहे उन्हें ठीक कराया जाये। झोलाछाप, अपंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों, अवैध पैथेलोजी लैब पर कार्रवाई की जानकारी की। जिस पर सीएमओ ने बताया कि नोडल अधिकारी छुट्टी पर होने के कारण कार्रवाई बंद है। जिस पर डीएम ने फटकार लगाते अगले दिन कार्यालय में रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये। यहां यह बताते चले कि जिले में सैकड़ों अस्पताल, पैथलोजी लैब तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर अवैध रूप से संचालित है। जो स्वास्थ्य विभाग के लिये आमदनी का मोटा जरिया बने है। हर माह करोड़ो रूपये की आमदनी इनसे स्वास्थ्य विभाग को होती है। लगातार शिकायतों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इन्हें बंद कराने में असफल है। डीएम ने कहा कि बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले नल नई बस्ती स्थित पीएचसी के चिकित्सक के लिये सेवा समाप्ति को प्रस्ताव बनाये। कुरैशी स्थित पीएचसी के चिकित्सक की प्रगति खराब होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिये। जोया सीएचसी में डिलीवरी न होने पर डीएम ने आशा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि जो संगनियां व आशाएं काम नहीं कर रही है उन्हें हटाया जाये। आयुष्मान कार्ड बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ सत्यपाल सिंह भी मौजूद रहे।

**■ अवैध अल्ट्रासांउड सेंटर, अस्पताल, पैथलोजी लैब पर कार्रवाई न होने पर डीएम ने नोडल अधिकारी को किया तलब**



# पूल पार्टी का बच्चों ने लिया आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। पूल पार्टी में बच्चों ने खेलों का जमकर आनंद लिया। जबकि फिल्मी गानों पर डांस दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एएसएम मोर्डन एकेडमी खाता में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बाल पासिंग, कलेक्ट दा बाल आदि गेम खेले। उन्होंने फिल्मी गानों की धुन पर मनमोहक नृत्य पेश कर सभी का दिल जीत लिया। प्रधानाचार्या आभा रस्तौगी ने कहा कि बच्चों के लिये पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी जरूरी है। प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों के लिये इस तरह की गतिविधियों का आयोजन जरूरी है। इस मौके पर चेतना गोल्डी, आफिया, महिमा, राखी तनु, कविता आदि मौजूद रहीं।

# जाति सूचक शब्दों के प्रयोग से दलितों में उबाल

## कोतवाली पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जाटव समाज को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर कोतवाली के गेट पर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में खड़कवंशी समाज के कुछ युवकों द्वारा जाटव समाज की भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। जिसमें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया है। जिससे जाटव समाज के लोगों में रोष फैल गया। भारी संख्या में गुरुवार को जाटव समाज के युवक कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। इसके बाद जाटव समाज के युवकों ने कोतवाली गेट के बाहर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ जल्द मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही उन्होंने चेता. वनी दी है कि अगर जल्द ही मामले में कार्यवाही नहीं की गई तो वह धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में मोंटी विकास पंकज कन्हैया रविशंकर सुमित बिट्टू अजीत शक्ति भूरा निरोत्तम अंकुश सर्जन मनीष रिंकू प्रियांशु आदि मौजूद रहे।



# गैंगस्टर एक्ट में साढ़े चार साल की सजा

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने 4 साल 6 महीने कैद की सजा सुनाई। दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

मामला गजरौला थाने से जुड़ा था। तत्कालीन एसओ वीरेंद्र सिंह यादव ने 6 अगस्त 2015 को चार अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें शमशाद, अर्जुन, अनिल सोनी और तारीक को आरोपी बनाया गया था। सभी गैंग बनाकर लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने बाद में आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय नाजनीन बानो की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी एसपीओ रामध्यान राम ने की। मामले में अदालत ने हापुड़ की राजीव विहार कॉलोनी के रहने वाले अर्जुन को दोषी करार दिया। चार साल 6 महीने कैद की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# डीएम के निर्देशन में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

■ पांच वर्ष पुराना विवाद सुलझा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** ग्राम गहलुइया परगना कांवर तहसील बहेड़ी में गाटा संख्या 390मि० रकवा 0.1640हे० दर्ज अभिलेख सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जे के संबंध में हुई शिकायत पर डीएम अविनाश सिंह के त्वरित कार्यवाही के निर्देशन में उपजिलाधिकारी बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव द्वारा नायब तहसीलदार शोभित चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व टीम का गठन किया गया।

राजस्व टीम ने ग्राम गहलुइया परगना कांवर की गाटा संख्या 390मि० रकवा 0.164हे० दर्ज अभिलेख सरकारी रास्ते पर बुनियाद भरकर किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी से हटवा दिया। इस कार्रवाई से लगभग 5 वर्ष पुराने विवाद का समाधान हो गया।

राजस्व टीम में नायब तहसीलदार शोभित चौधरी, राजस्व निरीक्षक विष्णु दयाल, लेखपाल दीपक गंग. वार, आशीष शुक्ला और अमर पाल मौके पर उपस्थित रहे। टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को हटवा दिया। ग्रामीणों ने डीएम अविनाश सिंह के निर्देशन में की गई कार्यवाही की सराहना की, और कहा कि इससे क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ एक संदेश जाएगा।

# प्रत्येक विकासखण्ड का एक गांव बनाया जाए सुकन्या समृद्धि गांवः रहाटकर

■ अध्यक्षा राष्ट्रीय महिला आयोग ने मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** अध्यक्षा राष्ट्रीय महिला आयोग विजया रहाटकर की अध्यक्षता में गुरुवार को मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अध्यक्षा ने महिलाओं के विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की, और कहा कि सरकार की योजनाओं से महिलाओं को सामाज में सम्मान मिल रहा है, उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

समीक्षा के दौरान अध्यक्षा ने पाया कि बरेली मण्डल में सरकारी स्तर से कोई वर्किंग वुमेन हास्टल संचालित नहीं है, जिसपर अध्यक्षा ने कहा कि बरेली स्मार्ट सिटी है, अतः यहां से वर्किंग वुमेन हास्टल हेतु प्रस्ताव भेजा जाए, यहाँ बच्चियां बाहर से पढ़ने आती हैं, साथ ही जॉब भी करती हैं, या महिलाएं जॉब के लिये अपना शहर छोड़कर यहां आती हैं, उनके लिए वर्किंग वुमेन हास्टल की अत्यंत उपयोगिता है। उन्होंने कहा कि यह नवाचार बरेली ही नहीं किसी भी जनपद से हो सकता है।

बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान अध्यक्षा ने पूछा कि क्या इस योजना के अन्तर्गत एक गांव या एक नगर को पूर्णतः संतृप्त किये जाने के प्रयास हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सुकन्या समृद्धि गांव बनाएं और इस कार्य हेतु ग्राम प्रधानों व आम लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कई गांवों में यह नवाचार किया गया है, जरूरत है इच्छा शक्ति की। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, पोस्ट आफिस आदि से मदद लेते हुए प्रत्येक ब्लॉक का एक गांव सुकन्या समद्धि योजना से पूर्णतः संतृप्त करें।

बैठक में अध्यक्षा ने प्रोटेक्शन अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला पुलिस थाने एवं परामर्श केन्द्र में गुजारा भत्ता व बच्चों की कस्टडी दिलाने सम्बन्धी कितने केस आते हैं, इसकी जानकारी ली जाए और डिस्ट्रिक्ट लीगल अधिकारी के साथ समन्वय कर समस्याओं का निस्तारण करें। अध्यक्षा ने कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समिति के बेहतर संचालन हेतु प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में आंतरिक समिति सक्रिय रहे इसके लिए उन्हें व्यापक जानकारी, प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के अतिरिक्त असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं की भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें उच्चाधिकारियों को प्राप्त होती रहती हैं, इसपर काम करने की और व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत लखपति दीदी योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि सरकार द्वारा जो विभिन्न प्रकार सखियां नियुक्त की गयी हैं, जैसे-बीसी सखी, विद्युत सखी, जल सखी आदि। उन्हें भी इस योजना के साथ जोड़ा जाए तो बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

बैठक में वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या जन्मोत्सव, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, वन स्टाप सेंटर, उज्जवला योजना, सुकन्या समद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, हब फॉर वुमेन इम्पावरमेंट, मिशन इन्द्र घनुष, निराश्रित महिला पेंशन, जननी सुरक्षा योजना, स्टैण्डअप इंडिया, लखपति दीदी आदि योजनाओं के ऑकड़े प्रस्तुत किए गए। बैठक में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, पुलिस उप महानि. रीक्षक अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं व पीलीभीत, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिक सहित सम्बंधित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

## बहेड़ी में शॉपिंग कांपलेक्स का पालिका की टीम ने किया सर्वे

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** पालिका की टीम ने नैनीताल रोड स्थित केसर चीनी मिल को दी गई लीज की जमीन पर बना रहे शॉपिंग कंपलेक्स का सर्वे किया है। टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, और वीडियो तथा फोटो खींचे। अब नगर पालिका प्रशासन शासन को रिपोर्ट बनाकर भेजेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

केसर चीनी मिल को दी गई लीज की जमीन पर शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कार्य चल रहा है। तीन शॉपिंग कंपलेक्स बनकर तैयार हो गए हैं। नगर पालि. का की टीम में जेई निर्माण जितेंद्र गंगवार, जेई जल और अन्य कर्मचारी शामिल थे।

■ सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद बनाया गया है मार्किटः शरद मिश्रा

केसर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शरत मिश्रा ने कहा है कि पुरानी गन्ना सोसायटी पर केसर ने जो मार्केट बनवाया है, वह सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि पुरानी गन्ना सोसायटी प्रॉपर्टी पर केसर मिल काबिज है, और उस जगह पर मार्केट बनाने से पहले फायर ब्रिगेड, वन विभाग और एडीएम कार्यालय के यहां से औपचारिकताएं पूर्ण की गई थीं।

शरत मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका की ईओ अभी नई आई हैं, और उन्हें लगता है कि इसकी पूरी जानकारी नहीं है।

उनकी तरफ से नगर पालिका को एक पत्र भी भेजा गया है, जिसमें इस मामले में स्पष्टीकरण दिया गया है। केसर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने कहा कि मार्केट बनाने से पहले सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई थीं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को भी इस मामले में जानकारी दी गई है, और उन्हें उम्मीद है कि मामले का समाधान निकाला जाएगा।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला, तीन महिलाएं घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** शहर के किला थाना क्षेत्र में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई। घर में अकेली मौजूद महिलाओं पर कुछ दबंगों ने अचानक धावा बोल दिया। एक युवक ने युवती से अश्लील हरकतें कीं, और जब मां व बहू ने विरोध किया तो धारदार हथियार व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।

घटना में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने नौ नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बेटियों और बहू के साथ घर पर थी। तभी गुड्डू नाम का युवक जबरन घर में घुसा और उसकी बेटी रुखसार से छेड़छाड़ करने लगा। युवती के साथ जब वह अश्लील हरकतें करने लगा, तो मां ने साहस दिखाकर विरोध किया। गुड्डू ने तुरंत ही धारदार हथियार से महिला के सिर पर बार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। बेटी को बचाने दौड़ी बहू पर जावेद नाम के आरोपी ने हमला कर उसके ऑपरेशन वाले पेट पर लात मारी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हमले की खबर मिलते ही नदीमा, गुलशन, नीलू, अन्नो, नन्ही, तय्यबा और एक अन्य रुखसार भी लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस आईं। सभी ने मिलकर तीनों महिलाओं के साथ बर्बरता की और गाली-गलौज करते हुए उन्हें बुरी तरह पीटा। घटना के वक्त महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके की ओर दौड़े, तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। जाते-जाते आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे गए। घायल महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं पीड़िता की तहरीर पर गुड्डू, जावेद समेत नौ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार लाखों के जेवर बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** थाना हाफिजगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घर में सेंध लगाकर जेवरात चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने और चांदी के कीमती आभूषण बरामद किए हैं।



यह कार्रवाई उस मामले में हुई जिसमें कस्बा रिठौरा निवासी इसरार पुत्र असगर अली ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 19 मई को उसके घर से तीन युवक फैजान, गुलाम गौस और अबरार सोने व चांदी के जेवर चोरी करके फरार हो गए। इस शिकायत पर थाना हाफिजगंज में मु.अ.सं. 211/2025, धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कस्बा सेंथल के पास रजवाहे की पुलिया पर देखे गए हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और तलाशी में उनके पास से चोरी गया माल बरामद हुआ, जिसमें शामिल हैं:

पीली धातु (सोना) का पेंडेंट वजन 2.860 ग्राम सफेद धातु (चांदी) के दो पैर के तोड़े कुल वजन 215 ग्राम बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस भी जोड़ी गई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी फैजान पुत्र अबरार मोहल्ला जवाहर नगर, कस्बा रिठौरा, अबरार पुत्र नियाजुद्दीन वार्ड नंबर 3, कस्बा रिठौरा, गुलाम गौस पुत्र कल्लू मोहल्ला जवाहर नगर, कस्बा रिठौरा शामिल हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो०- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## पारिवारिक विवाद में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** पारिवारिक कलह के चलते एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

यहां के ग्राम गुलड़िया अता हुसैन निवासी कविता (उम्र 25 वर्ष) पत्नी सोमपाल ने पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिससे नाराज होकर कविता ने आत्मघाती कदम उठा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परि. जनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान 22 मई 2025 को उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर सुखदेव आगमन की सुनाई गई

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** श्री आनन्द आश्रम मन्दिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर महामंडलेश्वर आचार्य श्री संजीव कृष्ण महाराज जी ने भक्तों को कथा का सार समझाया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण का ही साक्षात विग्रह है, और इसका श्लोक पढ़ने से जीव को मुक्ति मिल जाती है।

आचार्य श्री संजीव कृष्ण महाराज जी ने बताया कि भागवत कथा जीवन में तत्व की खोज करने वालों के लिए एक मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि जब जीवन में सच्चे गुरु या संत आते हैं, तो वे ईश्वर का संदेश लेकर आते हैं।

कथा के विश्राम पर सुंदर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

आचार्य श्री संजीव कृष्ण महाराज जी ने माता सती का चरित्र सुनाया, और इसके महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि माता सती की कथा हमें जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाती है।

## भैंस चोरी कर ले जा रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, नदी में गिरने से भैंस की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** जंगल में में बंधी भैंस को चोरी कर ले जाने वाले एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए।भैंस की नदी में गिरने से मौत हो गई।पकड़े गए चोर को ग्रामीणो ने पुलिस को सौंप दिया।मामले में पुलिस ने चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सियाठेरी निवासी भूरी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को अपने खेत में मिर्च तोड़ रही थी। भैंस खेत पर बँधी हुई थी शाम के समय उनकी भैंस को चार अज्ञात लोग चोरी करके ले जा रहे थे। तभी उसने और उसके साथ में मिर्च तोड़ रहे गांव के ही लोगों ने चोरो का पीछा किया पास में ही वह रही बरौर नदी में चोरो ने भैंस को 40 फिट की ऊंचाई से कुदा दिया नदी में झाड़ी किनारे पेड़ होने से भैंस एवं एक व्यक्ति को पकड़ लिया। भैंस की तड़प तड़प कर मौके पर ही मौत हो गई।गांव के ही प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विजयपाल निवासी मलसी पुलिस चौकी मंडी थाना रुद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) बताया तथा अपने भागे हुए साथियों का नाम सुंदरा, कुलदीप,मुन्नीलाल,बताया पुलिस ने चारो चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

## बंदर की बीमारी से हुई मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** नगर पंचायत देवरनियां के वार्ड नंबर तीन में गुलाब नगर रोड के पास किसी अज्ञात बीमारी के चलते एक बंदर की मृत्यु हो गई ।सूचना पर पहुंचे देवरनियाँ के भाजपा कार्यकर्ता भगत सिंह, गुनपाल मौर्य, छत्रपाल प्रजापति, बाबू कश्यप, अमन मौर्य, शेर सिंह वर्मा आदि ने पहुंचकर लाल कपड़े में लपेटकर शमशान भूमि में उसका अंतिम संस्कार किया।

## नगर पालिका परिषद मामले की सुनवाई 16 जुलाई को

■ टॉप टेन में शामिल हुआ केस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक रहे सुरेश पाल की याचिका पर अब उच्च न्यायालय 16 जुलाई को सुनवाई करेगा, कोर्ट ने दायर किए गए इस मामले को टॉप टेन की सूची में दर्ज किया है।

गौरतलब हो एक माह पहले 17 अप्रैल को नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने परिषद के कुछ सभासदों की शिकायत पर वरिष्ठ लिपिक का कार्य कर रहे सुरेश पाल को उनके पद से हटाते हुए बैकलॉग सफाई कर्मी धीरेन्द्र कुमार (डी को) को वरिष्ठ लिपिक बनाए जाने के आदेश जारी किए थे, आदेश जारी किए जाने के बाद जहां वरिष्ठ लिपिक रहे सुरेश पाल मेडिकल अवकाश पर चले गए, और उन्होंने पालिका अध्यक्ष के इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें कोर्ट सुनवाई कर रहा है। गुजरी 30 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने परिषद के ईओ को व्यक्तिगत रूप से रिकॉर्ड के साथ तलब किया था, लेकिन परिषद में ईओ के न होने के चलते मामला टल गया था।

इस दौरान ईओ का पदभार संभालकर उच्च न्यायालय पहुंचे रतन लाल ने नगर पालिका परिषद की ओर से काउंटर दाखिल किया, जिसका जवाब सुरेश पाल के वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद वाजिद अली ने रिजॉयंडर दाखिल किया है। 20 मई को उच्च न्यायालय ने सुरेश पाल की याचिका पर जहां 16 जुलाई की तारीख नियत की है, वहीं इस मामले को टॉप टेन की सूची में दर्ज किया है। माना जा रहा है कि 16 जुलाई को इस मामले में फाइनल आदेश जारी किया जा सकता है।

दूसरी ओर नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल द्वारा अभी तक नए वरिष्ठ लिपिक को चार्ज नहीं सौंपे जाने से जहां नगर पालिका के विकास का पहिया रुक गया है, वहीं नगर पालिका परिषद के ईओ रतन लाल भी लम्बी छुट्टी पर चले गए हैं।

### कमेटी भी चार्ज दिलाने से कतरा रही है

नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर द्वारा डीएम से वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल द्वारा अभी तक चार्ज नहीं सौंपे जाने की शिकायत की थी, जिस पर डीएम अविनाश सिंह ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी और ईओ फरीदपुर को अलमारी खोलकर चार्ज दिलाए जाने के आदेश दिए थे, लेकिन इस आदेश पर हाईकोर्ट की तलवार के आगे अभी तक अमल नहीं हो पा रहा है। हर कोई हाईकोर्ट के मामले से बचना चाहता है।

## अध्यक्षा राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

■ केक काटकर बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया और पोषण टोकरी और बेबी क्लॉथ किट किया वितरण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** अध्यक्षा राष्ट्रीय महिला आयोग विजया रहाटकर ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सवप्रर्थम अध्यक्षा ने नवजात शिशु देख भाल इकाई एवं पोस्ट ओपरेटिव वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, और वहां पर भर्ती शिशुओं के उपचार के बारे में जानकारी ली।

उक्त के उपरांत उन्होंने बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना के अन्तर्गत बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया और पोषण टोकरी व बेबी क्लॉथ किट वितरित किया गया, तथा सभी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानक. ारी दी।

अध्यक्षा द्वारा चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई, एवं दो बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा ने 300 बेडेड अस्पताल में पहुंचकर वहाँ श्शतेरे मेरे सपनेश्श (विवाह पूर्व संवाद केन्द्र) का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सदस्य राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा सहित अस्पताल के डॉक्टर उपस्थित रहे।

## दूसरे दिन 11 नामांकन पत्र दाखिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के 30 मई को होने वाले चुनाव के चलते गुरुवार को 11 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, अब 31 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं, जिसमें जहां जांच में एक नामांकन पत्र निरस्त हो गया, तो वहीं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अजय सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

गुरुवार को अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार सूरी, सचिव पद पर चेतन्य प्रकाश श्रीवास्तव, आडीटर पद पर चमन प्रकाश, अरविन्द कुमार, उपाध्यक्ष पद पर सितबत अब्बास और सुरेंद्र पाल सिंह, सह सचिव पद पर महेन्द्र कुमार और हारून अहमद, संरक्षक पद पर पूर्व अध्यक्ष रवींद्र पाल सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के लिए अरविन्द सिंह यादव और सोमपाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अभी तक दाखिल किए गए सभी 31 नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें एक नामांकन पत्र मुनीश कुमार का खारिज कर दिया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि इनकी प्रैक्टिस कम होने के कारण इनका नामांकन पत्र खारिज किया गया है।

### एल्डर कमेटी के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, उतरे चुनाव मैदान में

संगठन की कार्यकारिणी की हुई बैठक में चुनाव की घोषणा किए जाने के साथ ही एल्डर कमेटी का भी गठन किया गया था, जिसमें सुधाकर लाल रस्तोगी को इसका अध्यक्ष बनाया गया था। बुधवार को पहले दिन ही उन्होंने संरक्षक पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को युवा अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार ने एतराज जताया था, जिस पर उन्होंने एल्डर कमेटी से अपना इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही उनके खिलाफ पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह गंगवार ने ताल ठोकते हुए गुरुवार को अपना पर्चा दाखिल कर सभी को चौंका दिया। चुनाव अधिकारी का जिम्मा अब अशोक राठौर, राजेश पाल गंगवार संभाल रहे हैं, उनका सहयोग संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार कर रहे हैं। युवा अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार ने बताया कि वह इस मामले को लेकर बार कौंसिल से शिकायत करेंगे।

### पहली बार हो रहा है संरक्षक का चुनाव

किसी भी संस्था के संरक्षक पद पर किसी वरिष्ठ व्यक्ति को नामित किया जाता रहा है, बार के चुनाव में भी संरक्षक पद पर भी ऐसे ही वरिष्ठ अधिवक्ता को नामित किया जाता रहा है, लेकिन पहली बार इस पद के लिए चुनाव किया जा रहा है, जिसपर कई अधिवक्ताओं ने तरह-तरह की अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की हैं।

## कुर्मी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा पर दें जोरः उमेश पटेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उमेश पटेल गुरुवार को बरेली पहुंचे। उनके आगमन पर कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों ने ब्रह्मपुरा छात्रावास पर भव्य एवं दिव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रेम शंकर गंगवार ने की। इस मौके पर उमेश पटेल ने कहा कि कुर्मी समाज के उत्थान के लिए सभी लोग अन्य उपनामों के स्थान पर जातीय जनगणना में स्वयं को कुर्मी दर्ज कराएँ। उन्होंने एकता को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को तालीम देना बेहद जरूरी है, ताकि वे भविष्य में बुलंदियों को छू सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कुर्मी समाज के लोग आज राजनीति से लेकर प्रशासनिक सेवाओं जैसे आईएएस, आईपीएस और पीसीएस तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने समाज के युवाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया और कहा कि संगठित होकर ही समाज तरक्की कर सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कुर्मी क्षत्रिय सभा के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, महामंत्री/व्यवस्थापक आरसी लाल, रामऔतार सिंह गंगवार, दीपक गंगवार, डॉ. राजेन्द्र कुमार गंगवार, हरीश गंगवार, आलोक गंगवार, अरविंद पटेल, डॉ. उग्रसेन गंगवार, भद्र पाल गंगवार,वीरेश कुमार गंगवार, सदस्य तेजपाल गंगवार, सदस्य अमित गंगवार, सदस्य कृष्ण पाल सिंह, सदस्य युधिष्ठिर प्रसाद गंगवार, सदस्य खेमेन्द्र गंगवार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## समर कैम्प का पौध रोपण के साथ हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** एडम्स स्कूल में पांच दिनों से चल रहे समर कैम्प का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार की मनोरंजक और रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया था।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत पौधा रोपण के साथ हुई, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय तोमर प्रभारी निरीक्षक थाना बहेड़ी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शहर के सम्मानित अधिवक्ता, व्यापारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि संजय तोमर ने स्कूल के मेधावी छात्रों को अपने हाथों से मेडल, सर्टिफिकेट और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने बच्चों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

एडवोकेट शकील अहमद गुरु ने बच्चों और स्कूल स्टाफ के लिए योगा कैंप में शरीर को स्वस्थ रखने से संबंधित व्यायाम कराए। उन्होंने बच्चों को अपने काम को ईमानदारी और पूरी लगन से करने के लिए प्रेरित किया। समर कैम्प में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें बेसिक एजुकेशन, योगा, डांस, मार्शल आर्ट्स, जुम्बा, पेपर क्राफ्ट, ड्राइंग, पोटलक लंच, कुकिंग विदआउट फायर, फैंसी ड्रेस, मैथ्स ट्रिक्स, नॉलेजेबल एक्टिविटी, आइस क्रीम कंपटीशन, फिजिकल फिटनेस गेम्स, पौधारोपण, बड्र्स फीडिंग और कल्चरल प्रोग्राम शामिल थे। स्कूल के एमडी गुलरेज अली ने सभी से अपील की कि वे अपने घर की बाल. कनी और छतों पर पेड़-पौधे लगाएं, और धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। स्कूल की चेयरपर्सन शाइस्ता अली ने कार्यक्रम में शामिल सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया, और बच्चों का मार्गदर्शन किया कि वे गर्मियों की छुट्टियों में माता-पिता की आज्ञा का पालन करेंगे, और अपना होम असाइनमेंट समय से पूरा करेंगे।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व परिजनों ने गर्भवती युवती की गला दबाकर की हत्या



**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** मुजरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सराय मुड़िया में एक विवाहिता ने की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई मृत्यु की खबर सुनकर उसके ससुराल वाले युवती को घर पर छोड़कर भाग गए ग्रामीणों ने मामले की जानकारी मृतका के परिजनों को मोबाइल से दी तो आनंन-फानन में मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गए तथा पुत्री के सबको देखकर दहाड़े मारकर होने लगे ग्राम प्रधान ने मामले की जानकारी तत्काल थाना अध्यक्ष मुजरिया सुरेंद्र सिंह को दी सुरेंद्र सिंह ने मामले से तत्काल पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्मवीर सिंह को अवगत कराया जिस पर दोनों ही अधिकारी गण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मृतका के शब को कब्जे में लेकर सील करके पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया इससे जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया फॉरेंसिक टीम ने घटनाक्रम के साक्ष्य एकत्रित किए। मृतका सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम खेड़ा फतेहपुर थाना जूनाबई तहसील गुन्नौर जनपद संभल ने बताया कि उसने अपनी पुत्री लालतेश की शादी दो-तीन वर्ष पूर्व विजयपाल पुत्र सूरज पाल सिंह निवासी ग्राम सराय मुडिया खागी मैं की थी शादी के बाद से ही उपरोक्त लोग मेरी पुत्री लालतेश को प्रताड़ित करने लगे तथा उसे तरह-तरह की मांग करने लगे मेरी पुत्री ने मुझे कई बार बताया कि उपरोक्त लोग कभी मुझसे कुछ लाने के लिए कहते हैं कभी कुछ लाने के लिए कहते हैं तथा मेरे इंकार करने पर मेरे साथ मारपीट एवं गाली गलौज करते हैं तथा कहते हैं कि हम तुझे मार कर विजयपाल की दूसरी शादी कर लेंगे तथा हमें दूसरी शादी से मनमर्जी का दहेज मिलेगा मैं उपरोक्त लोगों को कई बार समझाने की कोशिश की परंतु उपरोक्त लोग मानने को तैयार नहीं थे पिता सत्यपाल सिंह ने पुत्री ललतेश की हत्या करने के लिए सूरजपाल विजयपाल आदि लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उपरोक्त लोगों ने एक राय होकर मेरी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी हत्या के उपरांत उपरोक्त लोग भाग गए।

पीड़ित पिता ने बताया कि उसे जानकारी मिली है कि कल शाम से विजयपाल सिंह के परिवार वाले मेरी पुत्री के पीछे पड़े थे उसे गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे जिसका शोर सरावा गांव में काफी ग्रामीणों ने सुना है उपरोक्त लोगों ने ही मेरी पुत्री की हत्या की है पीड़ित पिता ने बताया कि मेरी पुत्री के पास एक वर्षीय पुत्री है तथा वह गर्भवती है। पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मृतका ललतेश के शव को शील करके पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा है।

# तेज आंधी के चलते तीन स्थानों पर धधकी ज्वाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार रात्रि को तेज आँधी के चलते भीषण आग की तीन घटनाएँ सामने आईं। जिलाधिकारी बदायूँ और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सहसवान :** मैंथा फैक्टरी में लगी भीषण आगथाना उझानी क्षेत्र के अंतर्गत सहसवान रोड स्थित मनोज गोयल की मैंथा फैक्टरी में तेज आँधी के कारण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्राम जामनी : पशु झुलसे, गाँव में फैली आगथाना सहसवान क्षेत्र के ग्राम जामनी में भी तेज आँधी के साथ आग फैल गई। स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि 7-8 पशु झुलस गए हैं। ग्राम सोनबूढी : 2-3 पशुओं की मौतथाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम सोनबूढी में भी आँधी के चलते आग की घटना घटी। पुलिस व फायर ब्रिगेड की मदद से आग को फैलने से रोका गया, परंतु इस हादसे में 2-3 पशुओं की मृत्यु हो गई।प्रशासन की सक्रियता और राहत कार्य जारीतीनों घटनास्थलों का निरीक्षण जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी उझानी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम भी एम्बुलेंस के साथ मौके पर मौजूद रही।मैंथा फैक्टरी में लगी आग को बुझाने के लिए बदायूँ और बरेली जनपद की फायर ब्रिगेड लगातार प्रयासरत है। पुलिस और प्रशासन राहत व बचाव कार्य में पूरी तरह सक्रिय हैं।

# सहसवान के दो गांव में लगी भीषण आग

**आग लगने से कई मासूम बच्चों के लापता होने से दोनों ग्रामों में मचा हड़कंप**

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सोनबूडी, तथा मुजरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भीकमपुर टप्पा जामनी में एक साथ आई तेज आंधी के बीच अचानक दोनों ग्रामों में आग लग गई आग लगते ही तेज हवाओं के बीच लंबी लंबी ऊंची ऊंची आग की लपटों ने पल भर में ही कई मकान दर्जनों भूसे की भूर्जी जलकर राख हो गई तो वही ग्राम सोनबूडी मैं कई पशुओं के गंभीर रूप से जलकर घायल होने की जानकारी है दोनों स्थानों पर अग्निशमन केंद्र के कर्मचारी वाहन मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटे आग के दौरान अफरा तफरी के बीच कई लोगों के चोटिल होने की भी खबर हैं घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र प्रभारी निरीक्षक पीएन सोलंकी ने तत्काल दो टीमों को अलग-अलग स्थान पर कर्मचारियों के साथ पहुँचे रात्रि मे ही जिलाधिकारी भी



पुलिस और तहसील प्रशासन को लेकर तथा स्वयं ग्राम सोनबूडी टीम के साथ पहुंच गए तथा पहुंचते ही गांव में दमकल वाहन से पानी की बौछार करते हुए आग बुझाने का प्रयास प्रारंभ कर दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भाजपाइयों ने नगर कुंवरगांव में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** ऑपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद भारतीय सेना, सुरक्षाबलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद करते हुए गुरुवार को नगर कुंवरगांव में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी।नगर पंचायत अध्यक्षपति अरविंद रावत के नेर्तत्व में निक. ाली गई इस तिरंगा यात्रा में नगर व क्षेत्र के बच्चों, युवाओं, भाजपा के पदाधिकारिओं व सैकंडों कार्यकर्ताओं समेत नगर की प्रतिष्ठित हस्तियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी के बदायूं सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता इस यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।आपको बता दें कि ऑपरेशन सिन्दूर के जरिए भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंकवाद के खिलाफ कोई समझौता नहीं होगा।आज का भारत शांति चाहता है, लेकिन आतंक के समूल विनाश के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तैयार है। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना, सुरक्षाबलों को नमन करने का एक भावपूर्ण प्रयास है, जिन्होंने सीमाओं पर बैठकर देश को सुरिक्षत रखा और आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया।यह तिरंगा यात्रा नगर के यात्रा नगर के साप्ताहिक बाजार से प्रारंभ हुई तथा थाना परिसर, मुख्य चौराहे,होली चौक,मौर्य समाज से होकर गंवादेव मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई ।इस तिरंगा यात्रा में कासगंज का शर्मा डीजे आकर्षण का केन्द्र रहा । देश की एकता, अखंडता और शौर्य को समर्पित इस भव्य तिरंगा यात्रा ने नगरवासियों के हृदय में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल कर दिया। यात्रा के दौरान हर गली, हर मोड़ और हर चौराहे पर तिरंगे के रंगों में रंगे हुए नागरिक उत्साह से लबरेज दिखाई दिए। लोगों के चेहरों पर गर्व झलक रहा था और राष्ट्र के प्रति समर्पण स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के नागरिक इस यात्रा में पूरे जोश के साथ सहभागी बने।

# अग्निकांड से पीड़ितों को बिल्सी विधायक ने दिया धनराशि चेक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कल 21मई की रात्रि में आंधी तूफान के कारण ग्राम जमनी तहसील सहसवान में हुए अग्निकांड से प्रभावित पीड़ितों को मा0 विधायक बिल्सी हरीश शाक्य द्वारा सहायता धनराशि चेक के माध्यम से वितरित की गई कार्यक्रम मैं क्ड सहसवान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहसवान में हुआ स्वास्थ्य कैंप का आयोजन, इलाज कर दी औषधि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कल रात्रि ब्लाक सहसवान के औरंगाबाद टप्पा जामिनी ग्राम में हुई घटना के परिपेक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसवान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशान्त त्यागी के निर्देशन में स्वास्थ्य टीम सहसवान द्वारा आज 22 मई 25 को स्वास्थ्य कैम्प आयोजित कर जनमानस का ईलाज कर जीवन रक्षक औषधि भी प्रदान की गई। आयोजित स्वास्थ्य कैम्प का निरीक्षण उप जिलाधिकारी सहसवान द्वारा किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक के साथ कृष्ण वल्लभ चतुर्वेदी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# युवा नेता एड.जय सिंह सागर भाजपा छोड़ बसपा में हुए शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वगरेन- बसपा ने पार्टी में 50 प्रतिशत युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को पार्टी से जोड़कर 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर जिलाध्यक्ष आर. पी. त्यागी ने युवा नेता एड. जय सिंह सागर को बसपा की सदस्यता दिलाकर पार्टी में शामिल किया है। इससे पहले ये भाजपा में रहकर कार्य कर रहे थे बृहस्पतिवार को इन्होंने भाजपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया है। एड.जय सिंह सागर ने कहा बहन जी के दिशा निर्देशन में पूर्ण लगन और ईमानदारी से पार्टी मूवमेंट व मिशन के लिए काम करूंगा। जिलाध्यक्ष आर. पी. त्यागी ने कहा हम लगातार अच्छे लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम कर रहे है। एड.जय सिंह सागर के पार्टी में शामिल होने से मजबूती मिलेगी और निश्चित ही आने वाले समय में बीएसपी की सरकार बनेगी और बहन जी पांच वीं बार यूपी की मुख्यमंत्री बनेंगी। इस दौरान एड प्रेम शंकर, एड पवन गौतम, एड राजेंद्र सिंह, एड विमल कुमार, एड ओमप्रकाश भारती, एड रिंकू भारती आदि मौजूद रहे।

# फसलों के अवशेष जलाएं नहीं, खेत में सड़ाकर प्रदेश के किसान भूमि को उपजाऊ बनाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश का प्रतिवेदित क्षेत्रफल 235.14 लाख हे० है, जिसमे 165 लाख हे० से अधिक में खरीफ एवं रबी की फसलें उगाई जाती है। खरीफ में लगभग 58.96 लाख हे० धान जबकि रबी में लगभग 97.88 लाख हे० में गेहूँ की फसल बोई जाती है। प्रदेश में धान, गेहूँ के अतिरिक्त 21 लाख हे0 क्षेत्र में गन्ने की फसल बोई जाती है। इन फसलों की कटाई के उपरान्त पर्याप्त मात्रा में पुआल, भूसा एव गन्ने की पत्तियों के अवशेष बचते हैं। इनमें से गेहूँ/जौ फसल अवशेषों का भूसा पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग किया जाता है, जब कि चारे का पुआल एवं गन्ने की सुखी पत्तियां सामान्य पशुओं (गाय भैंस) के चारे साथ-साथ बिछावने के रूप में प्रयोग किया जाता है। विगत कुछ वर्षो से मजदूरों की समस्यायें एवं आधुनिक कृषि यंत्रों यथा कम्बाइन हार्वेस्टर के प्रयोग से कटाई करने पर लगभग 01 से 1.5 फिट की ऊँचाई के फसल अवशेष अथवा सूखी पत्तियां खेत में रह जाती है जिन्हें जलाने की प्रवृत्ति प्रदेश के कतिपय जनपदों में होती रही। इन फसल अवशेषों के जलाये जाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि खेतों में मित्र कीटो, मित्र जीवों के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य/ उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव भी परिलक्षित हो रहे हैं। पौधों के बढ़वार हेतु 16 पोषण तत्वों की आवश्यकता होती है, जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन, आक्सीजन प्रकृति से प्राप्त होता है। ये तत्व पौधों के लगभग 95 प्रतिशत भाग के निर्माण में सहायक है। उक्त के अतिरिक्त नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सल्फर तथा सूक्ष्म पोषण तत्व के रूप में लोहा, जिंक, आयरन, बोरॉन, मॉलिब्डेनम, कॉपर, क्लोरीन जैसे तत्व पौधों के बढ़वार एवं उत्पादन में सहायक होते हैं। जब किसान भाई खरीफ, रबी, जायद की फसलों की कटाई, मढ़ाई करते है तो जड़ तना, पत्तियों के रूपों में पादप अवशेष भूमि के अन्दर एवं भूमि के ऊपर उपलब्ध होते हैं। इनको यदि लगभग 20 किग्रा. यूरिया प्रति एकड़ की दर से मिट्टी पलटाने वाले हल से / रोटोवेटर से जुताई/पलेवा के समय मिला देने से पादप अवशेष लगभग बीस से तीस दिन के भीतर जमीन में सड़ जाते हैं जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों एवं अन्य तत्वों की बढ़ोत्तरी होती हैं। फलस्वरूप फसलों के उत्पादन पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष को खेत में सडाने से फसल उत्पादन में कई लाभ होते है। एकीकृत पोषण तत्व प्रबंधन के घटक के रूप में फसल अवशेष भी अहम योगदान प्रदान करता है। फलस्वरूप मृदा में कार्बनिक पदार्थ की बढ़ोतरी से मृदा जीवाणु की क्रियाशीलता बढ़ती है जिसके कारण उत्पादन पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। वातावरण को विपरीत परिस्थितियों से बचाने में सहायक दलहनी फसलों के फसल अवशेष भूमि में नत्रजन एवं अन्य पोषण तत्वों की मात्रा बढ़ाने में सहायक होते है। फसल अवशेष कम्पोस्ट खाद बनाने में सहायक है जो कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक क्रियाओं में लाभदायक है। पादप अवशेष मल्च के रूप में प्रयोग करने में मृदा जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों को खरपतवारों से बचाने में सहायक होते है। मृदा के जीवांश में हो रहें लगातार ह्रास को कम करने में योगदान करता है। मृदा जलधारण क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। मृदा वायु संचार में बढ़ोत्तरी होती है। कृषक भाई फसल अवशेष जलाते हैं तो उनसे कई हानियां होती है। फसलों के अवशेषों को जलाने से उनके जड़ तना, पत्तियों में संचित लाभदायक पोषण तत्व नष्ट हो जाते है। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती हैं जिसके कारण मृदा के भौतिक, रसायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पादप अवशेषों में लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव भी पड़ता है। पशुओं के चारे की व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। प्रदेश सरकार ने फसलों के अवशेष जलाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। फसलो की जड़ से कटाई हेतु हार्वेस्टिंग मशीन के साथ स्ट्रारीपर विद बाइण्डर के प्रयोग करने पर बल दिया गया है। प्रदेश सरकार इसके लिए विभिन्न कृषि यन्त्रों में किसानों को आवश्यक छूट भी दे रही है। सीटू, योजना में यन्त्रों को सुग. मता से कस्टम हायरिंग केन्द्र एवं फार्म मशीनरी बैंक से यन्त्र प्राप्त कर किसान भाई खेत की पराली/अवशेष का प्रबंधन कर सकते हैं। रबी फसल के भूसे को बेचकर आय अर्जित कर सकते है। किसानों के लिए यह लाभदायक भी है। जनपदों के किसान इसका लाभ ले रहे हैं। किसानों की पराली संग्रह कर गौशालाओं में रखने हेतु सरकार ने मनरेगा अथवा वित्त आयोग से धनराशि की व्यवस्था की है। यह गौशालाओं में चारे व बिछावन के उपयोग में लाई जायेगी, जिससे खाद भी बनेगी। प्रदेश में स्थापित सीबीजी प्लान्ट एवं अन्य फसल अवशेष आधारित जैव ऊर्जा इकाइयों द्वारा धान की पराली क्रय की जाती है। किसान भाई इन्हें पराली देकर पर्यावरण, मृदा उर्वरक एवं सूक्ष्म जीव बचाव के साथ अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकते हैं।

# जीवन में सफलता के लिए छात्राएं करें अथक प्रयास: एडीजे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुकम में माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा गुरुवार को विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन केदारनाथ महिला इन्टर कॉलेज, बदायूं में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कशिश सक्सेना, असि. एल.ए.डी.सी. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क विधिक सेवाओं, विधिक साक्षरता/जागरूकता कैम्प के उद्देश्यों के बारे में बताया इसके अतिरिक्त भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, तीन नये भारतीय न्याय संहिता के कानून तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नं0 आदि के बारे विस्तारपूर्वक बताया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पर्यावरणीय कानूनों, पॉक्सो एक्ट, तीन नये भारतीय न्याय संहिता के कानून, गुड टच व बैड टच, किशोर न्याय बोर्ड के क्रियान्वयन, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। शिविर के अन्त में सभी छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया कि छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं व सम्बन्धित थाना में नि:संकोच केस दर्ज करा सकते हैं एवं साथ ही कार्यकम में उपस्थित छात्राओं से आह्वावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें इसके अतिरिक्त छात्राओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया एवं घर से विद्यालय आने जाने पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दृष्टि से हेल्मेट व शीट वेल्ट आदि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि असमय होने वाली गम्भीर दुर्घटनाओं को रोका जा सके एवं 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को भारत में "नाबालिग" माना जाता है, कानूनी रूप से अवयस्क द्वारा किये गये विभिन्न प्रकार के अपराधों के मामले में विचारण हेतु भारतीय न्याय व्यवस्था के अधीन जनपद बदायूं में किशोर न्याय बोर्ड, का गठन किया गया है जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को दण्ड स्वरूप बाल सुधार गृह बरेली में भेजा जाता है एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के कार्यो आदि तथा नि:शुल्क विधिक सहायता हेतु विधिक जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरुष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया। इसके अतिरिक्त 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर आप अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं, तथा सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निर्देशानुकम में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। उक्त मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है. इसी कम में जनपद न्यायालय परिसर, बदायूं में स्थित ए०डी०आर० भवन संचालित न्यायालय स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया एवं कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गयी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी कॉल कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टाफ एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण, व केदारनाथ महिला इन्टर कॉलेज, बदायूं की प्रधानाचार्या अमलेश गुप्ता व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया।

# किसान दिवस में फार्मर रजिस्ट्री कराने पर दिया जोर, योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किसान व बैक, कृषि, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि से जुड़े हुए समस्त अधिकारी उपस्थित रहें। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया तथा अपील की कि समस्त किसान फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले। फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र या सेल्फ मोड तथा सहायक मोड के माध्यम से करा सकते है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री निवासी गुलड़िया चिंरजीव सिंह द्वारा ग्राम में साधन सहकारी समिति बनवाने की बात रखी जिस पर ए0आर0 कोपरेटिव द्वारा बताया गया कि आप जमीन उपलब्ध करा दे जिससे आपके ग्राम में इकाई स्थापित करा दी जायेगी। कृषकों द्वारा समय से बिजली ना मिलने के कारण मक्का की फसल में सिंचाई ना होने की शिकायत की गई जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु कहा गया। भा0कि0यू0 तहसील अध्यक्ष बिसौली मुकेश भदौरिया द्वारा बताया गया कि अनाज मण्डी बिसौली व वजीरंगज में बाहरी व्यक्ति कृषकों को अपनी उपज का समर्थन मूल्य नही मिलने देते है जिस पर मण्डी निरीक्षक बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में जॉच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर धान/ढैंचा का बीज उपलब्ध है किसान भाई पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर पॉस मशीन के द्वारा कृषक अंश देकर बीज क्रय कर सकते है।

राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर रसायन उपलब्ध है किसान अनुदान पर रसायन प्राप्त कर सकते है। विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी विस्तार से किसान को दी गई। उप कृषि निदेशक द्वारा किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु अनुरोध किया गया। इस अवसर पर बैक, कृषि, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अतिशीघ्र जमा करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ले0 कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा0)जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी बदायूँ द्वारा जनपद बदायूँ के भूतपूर्व सैनिकों को सूचित किया गया है कि उनको सुरक्षा गार्ड में सेवायोजन हेतु जिला अस्पताल, सी.एच.सी., पी.एच.सी., एवं राजकीय मेडीकल कालेज में काफी जगह उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय में रजिस्टर्ड इच्छुक भूतपूर्व सैनिक जिनकी अधिकतम उम्र 55 वर्ष से कम एवं मेडीकल कैटेगिरी शेप-1 है वह अपना प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अतिशीघ्र जमा करा सकते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

## भारतीय सेना के जवानों की वीरता व पराक्रम को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पहलगाम घटना के बाद भारत सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय सेना के जवानों द्वारा प्रदर्शित की जा रही शौर्यता, वीरता एवं पराक्रम को नमन करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई।



प्राचीन सिद्ध पीठ मुन्नी देवी मंदिर से प्रारंभ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ के निदेशक एवं धामपुर क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, सहकारी समिति जैतरा के चेयरमैन नवीन चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, आदि ने किया इन सभी अतिथियों ने समसामयिक विचारों के माध्यम से पाकिस्तान को सलाह दी कि वह अपनी नापाक हरकतों से बाज आ जाए। तिरंगा यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल सभी राष्ट्रभक्तों और देश प्रेमियों ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के सामूहिक उद्‌घोष के साथ ही अनेक पारंपरिक तारों और जयकारों से निर्धारित मार्गो को गुंजा दिया। तिरंगा यात्रा खंड विकास कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा को सफलता दिलाने में रामवती, सुरेश देवी, मोनिका देवी, नजराना, कपिल चौहान, विकास चौहान, नरेश कुमार, रामफूल सिंह, अख्तर, रमेश सिंह, मनोहर, अनिल कुमार, हसन, राम सिंह, पंकज, मयंक, निक्की आदि पुरुषों एवं महिलाओं का समर्पित योगदान रहा।

## कोरियोग्राफर रोमियो मयूर के पुत्र अहमद का निधन

**धामपुर।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के डायरेक्टर रोमियो मयूर खान के लगभग 30 वर्षीय युवा पुत्र अहमद खान का दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया।

बड़ी संख्या में ग्राम जैतरा स्थित आवास पर पहुंचे धामपुर नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के प्रतिष्ठित नागरिकों ने दिवंगत अहमद खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की परमपिता परमेश्वर से कामना की। दिवंगत के जनाजे में भी बहुत बड़ी संख्या में मुस्लिम परिवारों, रिश्तेदारों और प्रतिष्ठित नागरिकों ने सहभागिता की। ग्राम जैतरा के निकट वाले कब्रिस्तान में दिवंगत अहमद खान के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

दिवंगत अहमद खान अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों सहित सभी परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गए है, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# कम लागत से करें चावल की बंपर पैदावार

## डीएसआर की तकनीक धान की खेती में नवीन और टिकाऊ विकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ शिवांगी ने बढ़ती श्रम लागत और जल संकट के इस दौर में बताया कि प्रत्यक्ष बीज धान (डायरेक्ट सीडेड राइस - डीएसआर) की तकनीक धान की खेती में नवीन और टिकाऊ विकल्प है।



यह एक धान उत्पादन तकनीक है, जिसमें रोपाई के बजाय बीज सीधे खेत में बोए जाते हैं। परंपरागत धान में पहले नर्सरी में पौधे उगाए जाते हैं और फिर खेत में रोपाई की जाती है जबकि डी.एस.आर. में बीज सीधे खेत में बोए जाते हैं। इस विधि में खेत को लगातार पानी से भरा रखने के बजाये केवल नम मिट्टी की आवश्यकता होती है, जिसमें 30-40% पानी की बचत होती है। नर्सरी तैयार करने, पौध उखाड़ने और रोपाई के लिए अधिक श्रमिकों की जरूरत ना होने के कारण 25-30% तक श्रम लागत कम हो जाती है। लगातार पानी ना भरे रहने से मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

इसकी बुवाई तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि ड्राई सीडेड राइस (सूखी बुवाई) विधि में खेत की अच्छी तैयारी के बाद सूखी मिट्टी जीरो टिल सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर से बीज बोए जाते हैं, फिर बुवाई के बाद सिंचाई की जाती है। इस विधि में 20-25 किग्रा/हेक्टेयर (8-10 किग्रा/एकड़) लगता है। पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20-22.5 सेमी एवं बीज की गहराई 2-3 सेमी रखी जाती है। वेट सीडेड राइस (गीली बुवाई) विधि में गीली मिट्टी में बिना पानी की सतह वाले खेत में बीज ड्रम सीडर, मैनुअल सीड ड्रिल से बोये जाते हैं, जिसमें बीज की मात्रा 25-30 किग्रा/हेक्टेयर (10-12 किग्रा/एकड़) एवं पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20 सेमी रखी जाती है। डी.एस. आर में खरपतवार प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि इसमें पानी भरा नहीं रहता जो परंपरागत धान खेती में प्राकृतिक रूप से खरपतवारों को नियंत्रित करता है। एक अनुमान के अनुसार, खरपतवारों के कारण डीएसआर में 50-91% तक उपज में कमी हो सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक खरपतवार प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए बुवाई से 20-25 दिन पहले खेत की गहरी जुताई करें। स्टेल सीड बेड में खेत तैयार करने के बाद एक हल्की सिंचाई करें। पहले चरण के खरपतवारों को उगने दें, फिर बुआई के समय जुताई करके नस्ट किया जाता है। बुवाई के 25-30 दिन बाद 4-6 पत्ती अवस्था में बिस्पाइरिबैक सोडियम 10% SC (100-120 मि.ली./एकड़) का उपयोग करने से खरपतवारों का आसानी से नियंत्रण हो जाता है।

# शराब के सेवन से कई प्रकार के कैंसर का खतरा : डा. शालीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च सेंटर दिल्ली के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एचओडी ने इंसान को शराब के सेवन से दूर रहने की सलाह दी।



नगर के स्टेशन रोड़ स्थित डा. सुआलेह अहमद के आवास पर दिल्ली एम्स के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एचओडी डा. शालीमार ने बताया कि अल्कोहल हमारे लीवर व पेट के लिए बहुत ही खतरनाक है। अल्कोहल कम पिये या ज्यादा पिये, इसका असर लंबे समय में दिखाई नहीं देता है। मगर जब दिखाई देता है मरीज को पता चलता है तब तक लीवर में बहुत ज्यादा नुकसान हो चुका होता है। प्रोफेसर शालीमार ने बताया कि हमारे पास ओपीडी में जितने भी लीवर डिजीज के मरीज आते हैं, उसमें से अधिकतर चालीस से पचास प्रतिशत तक अल्कोहल का सेवन करने वाले होते हैं। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग एचओडी ने बताया कि शराब के सेवन से मुंह का कैंसर खाने के रास्ते का कैंसर, स्टमक कैंसर, इंटेस्टाइन का कैंसर आदि अधिकतर होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें लिवर फैलियर, हेपेटाइटिस, नॉन अल्कोहल, फैटी लीवर, सोरायसिस से बचाना है तो अपने दिनचर्या में एक्सरसाइज करें, मैदे से बनी चीजों व चीनी व फास्ट फूड को त्यागना होगा।

# समर कैम्प का आनंद ले रहे विद्यार्थी

## विभिन्न इवेंट्स का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर में समर कैंप के पंचम दिवस में भैया - बहिनों ने सबड़े हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया। आज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भैया बहनों के मान. सिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं कौशल विकास हेतु समर कैंप के पंचम दिन में विभिन्न इवेंट्स- हिंदी व इंग्लिश डिबेट, आर्ट, क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, मार्शल आर्ट, डांस, मेहंदी, संगीत आदि का आयोजन हो रहा है जिसमें विद्यालय के सभी भैया बहनों ने इवेंट्स के अनुसार पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग कर रहे हैं।



प्रतिदिन की भांति प्रत्यक्ष ने प्रथम सत्र योग व व्यायाम का सामूहिक लिया। अन्य सत्र इवेंट्स के अनुसार रहे। समापन सत्र चाइल्ड साइकोलॉजी व चिंतनकणिका में भैया बहनों को मोटिवेट किया गया। कार्यक्रम में श्रीमान डॉ.नरेंद्र तोमर (पूर्व अध्यक्ष व प्रबंधक समिति - सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चांदपुर), मुकेश त्यागी (कवि व लेखक) निवासी शिवलोक चांदपुर, डॉ. सारिका त्यागी ( प्रोफेसर व डीन वीआईटी यूनिवर्सिटी वेल्लोर, तमिलनाडु, डॉ.अमित शर्मा ( पूर्व छात्र व ई.न.टी. शैलेन्द्र, (पूर्व छात्र व जिला संयोजक -विद्यार्थी परिषद्) तथा डॉ. दीप्त अग्रवाल (वर्णिका हॉस्पिटल चांदपुर आदि उपस्थित रहे। डॉ .नरेंद्र तोमर ने सभी भैया बहनों पंच परिवर्तन - सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, जल संरक्षण, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य आदि पर विशेष जोर देते हुए सभी भैया बहनों को समरसता का भाव रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी भैया बहनों को विद्यार्थी जीवन में संयम, स्व की भावना, कर्त्तव्यपरायणता, पर्यावरण को बचाने का संकल्प रखने तथा विनम्रता आदि सभी बिंदुओं को समझाते हुए मार्ग दर्शनकर इस कैंप के माध्यम से खेल - खेल में सीखने का महत्व बताया व अपना आशीर्वाद दिया। प्रसिद्ध लेखक मुकेश कुमार त्यागी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी भैया बहनों को अपना आशीर्वाद दिया। डॉ. सारिका त्यागी (प्रोफेसर व डीन वेल्लोर यूनिवर्सिटी तमिलनाडु) ने भैया बहनों को इंग्लिश स्पीकिंग व स्किल डेवलपमेंट का महत्व बताया और सभी को जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने सभी अतिथि बंधुओं का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। विद्यालय के सभी आचार्य बंधुओं व आचार्या बहनों का पूर्ण सहयोग रहा। संचालन रवेन्द्र कुमार व छायांकन मुकुल ने किया ।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत : समीर एडवोकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के युवा अधिवक्ता समीर अहमद एडवोकेट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायिक सेवा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है वो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार बिना तीन साल वकील के तौर पर प्रैक्टिस किए कोई भी न्यायिक सेवा में नहीं जा सकता है।



सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस एची मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सिविल जज की परीक्षा में शामिल होने के लिए कम से कम वकील के तौर पर तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारों को सुनिश्चित करना है कि वही लोग सिविल जज की परीक्षा में शामिल हों, जिन लोगों ने कम से कम तीन साल वकालत की प्रैक्टिस की हो। इसका प्रमाणीकरण कम से कम 10 साल बार में रहने वाला वकील करेगा। लॉ क्लर्क और जज के तौर पर अनुभव को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कोर्ट में जिम्मेदारी देने से पहले एक साल की ट्रेनिंग भी जरूरी होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया किया है कि मौजूदा समय में चल रही नियुक्तियों में यह नियम लागू नहीं होगा। हालांकि आगे से इसे अनिवार्य किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट जो नियुक्तियां कर रहे हैं उनमें यह नियम नहीं लागू होगा। हालांकि आगे से होने वाली सभी नियुक्तियों में इस नियम को अनिवार्य किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि कानून के ग्रेजुएट के छात्रों की जजों के तौर पर नियुक्ति के बाद काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों को लाइफ, लिबर्टी और प्रॉपर्टी के मामलों को गंभीरता से देखना होता है। केवल किताबी ज्ञान के आधार पर फैसले नहीं किए जा सकते। इसके लिए न्याय व्यवस्ता का अनुभव और अदालत को समझना बहुत जरूरी है।

# निर्माण कार्यों में शिथिलता पर डीएम असंतुष्ट

## सीएमआईएस, विद्युत प्रकरण व एनएचएआई से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस, विद्युत प्रकरण तथा एनएचएआई से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में संपन्न हुई।



उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित बड़ी परियोजनाओं की सूची, उनके कार्यो की अद्यतन प्रगति सहित अन्य आवश्यक विवरण के साथ उन्हें उपलब्ध कराना सुरक्षित करें। उन्होंने जल निगम ग्रामीण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि सीमावर्ती ग्रामों में निर्माणाधीन स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत टंकियों का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं में विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलम्ब करने के कारण कार्यों में प्रगति प्रभावित होने पर असंतोष करते हुए निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से मीटिंग का आयोजन कराएं। उन्होंने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा धामपुर में निर्मित किए जाने वाले राजकीय पॉलिटेक्निक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़ापुर के निर्माण कार्य इसी वर्ष के अंत तक पूर्ण कर संबंधित विभाग को हैंडोवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमआईएस पोर्टल के अन्तर्गत कुछ कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर असंतोष प्रकट करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो की प्रगति की फीडिंग सीएमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अद्यतन रखी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत कार्यों को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर के समक्ष संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित पूर्ण एवं अर्पूण एवं लंबित योजनाओं सहित अन्य संबंधित जानकारी को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट में पाया कि कुछ परियोजनाओं में कार्य विलंब से चल रहा है, जिस पर उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कार्यों के प्रति असंवे. दनशीलता, शिथिलता तथा लाप. रवाही बरतने वालों को सचेत करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के अनुसार कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, लोक निर्माण, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा कार्यदाई संस्थाओं के अभियंताओं सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# भारत के पाकिस्तान पर जवाबी हमले से देश का गौरव बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कुछ दिन पूर्व में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों का देश के प्रधानमंत्री एवं देश के सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और पूर्व की भांति इस बार भी भारत के सामने पाकिस्तान ने घुटने टेकते हुए सीजफायर पर अमल करते हुए खुद को बचाया। लेकिन हमारे देश के सैनिकों के जज्बे को पूरा देश सलाम करते हुए उनकी बहादुरी और पाकिस्तान में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देने के कार्य किया।



मोहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी बसपा के कद्दावर नेता मुरादाबाद लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद हाजी इल्यिास ने कहा है कि भारत के रहने वाले सभी नागरिक देश की सेना के साथ खड़े हुए हैं और देश की सुरक्षा में हुए शहीदों पर भी गहरा दुख और उनके परिवार के साथ हमदर्दी रखते हैं।

हाजी इल्यिास ने कहा कि भारत दुनिया का शक्तिशाली मुल्क है और पूरी दुनिया के साथ आतंकवाद को मिटाने के लिए खड़ा हुआ है जबकि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादियों का सहारा लेकर भारत की पीठ पर वार किया है, जिसे हमेशा भारत के जांबाज सैनिकों द्वारा पाकिस्तान में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देने में कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

ऐसा ही इस बार हुआ और देश के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान में बड़ी तबाही मचाई है। भारत परमाणु हथियारों से लैस देश है लेकिन पाकिस्तान ने पहलगाम हमला किया। जिस पर पूरे देश के नागरिकों में एवं देश के सैनिकों में रोष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सैनिकों ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए पाकिस्तान को फिर से हराया है और ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे देश के सभी लोगों का गौरव बढ़ाया है।

## एक नजर

### गोल्डन बैल्स में समर कैंप शुरू



**स्योहारा।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आठ दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में बच्चों को पुस्तकीय बोझ मुक्त करने को लेकर प्रेरित किया गया है। कैंप का शुभारंभ प्रबंधक गुरविन्दर सिंह व प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने किया। समर कैंप सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक चला। कैंप के पहले दिन सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास कराया गया, जिसमें बच्चों को योग और प्रात:काल व्यायाम का महत्व बताते हुए योगाभ्यास सिखाया गया। योगाभ्यास के बाद बच्चों ने जुम्बा डांस का आनंद लिया। कैंप में अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। इस मौके पर सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर, शिवांगी चौधरी, पूनम, लवीना अनवार, इंद्रपाल, ओम विश्नोई, दिवाकर, शिखा, छवि, सीमा, पवन, पारुल, गरिमा आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार भाई-बहन घायल

**शेरकोट।** बाइक के सामने अचानक आये कुत्ते से बचने के प्रयास में बाइक सड़क किनारे गिर गई, जिससे बाइक सवार एक युवक सहित दो युवतियां घायल हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। इमरान अपनी बहनों आयशा और मेहराज के साथ बाइक से शेरकोट अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था, तभी हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और तीनों घायल हो गए।



### आंतरिक साधना शिविर आज से

**शेरकोट।** गत वर्षों की भांति तीन दिवसीय विशाल आंतरिक साधना शिविर श्री नंद निकेतन आश्रम में कल (आज) से आयोजित किया जाएगा तथा सत्संग के वार्षिक भंडारे का आयोजन परम् संत डॉ. विनीत दीक्षित व माँ अलका दीक्षित के सानिध्य में होगा। उक्त जानकारी देते हुए श्री नंद निकेतन आश्रम सत्संग परिवार ने समस्त धर्म प्रेमियों से इस आध्यात्मिक गंगा में स्नान करने का आह्वान किया।



# विदेश भेजने में धोखाधड़ी पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा व फर्जी टिकट देकर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

मोहल्ला नोधना निवासी उस्मान पुत्र सुल्तान अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिलशाद ने प्रार्थी की जान पहचान 1 साल पूर्व राशिद अली पुत्र शाहिद अली निवासी मेहंदी सराय अमरोहा से कराई और बताया कि राशिद अली सऊदी अरब में अन्य खाड़ी देशों में लोगों को वीजा पर भेजने का काम एवं नौकरी लगवाता है। प्रार्थी ने यह बात अपने परिचितों को बताई तो परिचितों ने प्रार्थी से अपनी नौकरी लगवाने को कहा। प्रार्थी ने राशिद पर विश्वास करते हुए करीब 4 माह पूर्व अपने मिलने वाले लगभग 34 लोगों के पासपोर्ट एवं अन्य कागज वीजा लगने के लिए दिये और प्रत्येक व्यक्ति के 1 लाख 5 हजार रुपये वीजा व टिकट नौकरी एग्रीमेंट के तय हुए। मैंने अपने परिचितों से रुपये इकट्ठा कर राशिद को आनलाइन 10 जून से 28 अगस्त तक कुल 12 लाख 17 हजार रुपये उसके व उसकी पत्नी के खातों में दिये और लगभग 12 लाख रुपये उसकी सुसराल नहटौर में उसके सालो के सामने दिये। इतना ही नहीं राशिद ने 7 लोगों के वीजा प्रार्थी को दी व 7 वीजा में से दो लोगों दानिश व शारिक सिद्दीकी का टिकट दिया। जिस पर शारिक व दानिश सऊदी गये तो वहां पता चला की दोनों का एग्रीमेंट फर्जी है। दोनों लोग वापस लौट आये और अन्य लोगों को भी फर्जी टिकट दे दिये गये है। मेरे द्वारा 26 लाख 40 हजार रुपये वापस माँगे तो राशिद ने उल्टा मेरे साथ गाली गलोच करते हुए कहा कि यदि तुने दोबारा रुपये मांगे तो तुझे फर्जी मुकदमे मे फंसा दूंगा, और लगभग 7 लोगों के पासपोर्ट राशिद के कब्जे में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद राशिद अली पुत्र मोहम्मद शाहिद, मुमताज पत्नी राशिद अली निवासीगण मेंहदी सराय अमरोहा, सलमान पुत्र नामालूम, आकिब पुत्र नामालूम निवासीगण नहटौर के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी, 504 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आंधी तूफान से विद्युत व्यवस्था चौपट, फसलों को नुकसान

**नहटौर।** बुधवार की सायं को आंधी तूफान आने से नहटौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत काफी नुकसान हुआ है। नहटौर, खंडसाल, बसावनपुर, काजीपुरा से संबंधित विद्युत लाइनों के करीब 150 विद्युत पोल गिर गए। इसके अलावा सलेमपुर व महमूदपुर भिक्का व खंडसाल क्षेत्र सहित 7 विद्युत ट्रांसफार्मर गिर गए, जिससे विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइनों को ठीक करने में लगे हुए हैं। विद्युत विभाग के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि गुरुवार की सायं 7:00 बजे तक सभी फीडरों की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। आंधी तूफान आने के कारण जगह जगह सड़कों पर पेड़ टूट कर गिर गए। इसके अलावा आम की फसल को भी नुकसान हुआ है। आंधी तूफान से आने से आम पेड़ से टूट कर नीचे गिर गया, जिसको लेकर आम के व्यापारियों में मायूसी छा गई। गुरुवार को गिरे हुए आम को ट्रैक्टर ट्रालियों में लादकर व्यापारी आढ़त पर पहुंचे हैं।

# समर कैम्प का लुत्फ उठा रहे बच्चे

## 21 मई से 10 जून तक चलेगा कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कंपोजिट विद्यालय नहटौर में 21 मई 10 जून तक चलने वाले समर कैंप का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया।



परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से प्रारंभ हो रहे समर कैंप के दृष्टिगत स्थानीय कंपोजिट विद्यालय नहटौर में समर कैंप का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम फन्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज नहटौर की प्रधानाचार्या रुबीना तबस्सुम ने समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में पहली बार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए नई बात है। बच्चे अपने आप को गर्मी से बचाते हुए समर कैंप का खूब आनंद उठाएं। मुझे आशा है कि बच्चों को इस शिविर से कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलेगा। समाजसेवी सैयद गिजाल मेहदी ने बच्चों से गर्मी में खूब पानी पीने तथा समर कैंप के प्रति अपनी संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे शि. विर पढ़ाई से हटकर कुछ नया सीखने के लिए आयोजित किए जाते हैं, जिसका हमें पूरा लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष इमराना खातून उपाध्यक्ष, नीरज शर्मा, अभिभावक कमाल अहमद, रेशमा खातून, रौशन जहां, रजिया, अनीता देवी, विद्यालय की शिक्षामित्र एवं समर कैंप संचालि. का पूनम तथा सविता सैनी आदि उपस्थित रहे। अन्त में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौहम्मद शफी ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी आरसीबी

**● हैदराबाद अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी**

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ में पहुंच चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शुक्रवार को टूर्नामेंट के 65वें मैच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकना स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेगी।

वहीं एसआरएच अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी। आरसीबी 12 मैचों में 17 अंक हासिल करने के साथ इस सीजन में अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने वाली टीमों में से एक रही है। रजत पाटीदार की अगुआई वाली यह टीम शीर्ष दो में जगह बनाकर एलिमिनेटर वन की नॉकआउट अनिश्चितता से बचना चाहेगी और उन्हें पहले क्वालीफायर के जरिए फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। एक ऐसी टीम के लिए जो पहले भी खिताब के करीब पहुंच चुकी है, लेकिन कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं उठा पाई है। इसके विपरीत, पिछले सीजन की फाइनलिस्ट सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

बारह मैचों में मात्र चार जीत के साथ वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। हालाँकि, इस सप्ताह की शुरुआत में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली शानदार जीत से टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम अपने अभियान को शानदार तरीके से समापन करना चाहेगी। इस सत्र में आरसीबी की वापसी विराट कोहली के शानदार फॉर्म की वजह से हुई है। बीच के मैचों में टीम डगमगा गयी थी। आरसीबी के पूर्व कप्तान कोहली ने 11 पारियों में 63-12 की औसत और 143-46 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए हैं। शीर्ष पर उनके अनुभव के साथ-साथ फिल साल्ट की आक्रामकता और देवदत्त पडिक्कल के टीम के स्कोर को धीरे-धीरे आगे बढाने के साथ मजबूत नींव रखने में मददगार साबित हुए हैं। टीम ने मध्य क्रम ने भी अपनी लय हासिल कर ली है। पाटीदार ने अब तक शानदार स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए हैं, जबकि निचले क्रम को टिम डेविड और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिली है।

टिम डेविड ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मात्र 14 गेंदों पर 53 रन बनाकर नॉटआउट रहे थे। यह सत्र के सबसे बेहतरीन डेथ ओवरों में से एक है। फिर भी, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड का टीम में वापस नहीं आ पाना चिंता का विषय बना हुआ है।

## आईपीएल-2025 प्लेऑफ की चारों टीम तय



**● लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप-6 हिटर बने हुए है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में ग्रुप स्टेज के 63 मैच खत्म होने के बाद ही प्लेऑफ की 4 टीमें मिल गईं। बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ स्पाट कन्फर्म की। इससे दिल्ली बाहर होने वाली छठी और आखिरी टीम बनी। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन बनाए। दिल्ली ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, यहां से टीम 121 रन ही बना सकी और 59 रन से मुकाबला गंवा दिया। दिल्ली को 13 मैचों में छठी हार मिली। टीम के 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स हैं। क्ब अब पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 15 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। मुंबई को 13 मैचों में 8वीं जीत मिली। टीम 16 पाइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंच गई। अब एमआई को टॉप-2 पोजिशन में जगह बनानी है तो पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। साथ ही आरसीबी और जीटी के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी। लखनऊ सुपरजायंट्स प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है। टीम के 12 मैचों में 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। आज का मैच जीतकर स्ैळ प्लेऑफ में तो नहीं पहुंचेगी, लेकिन गुजरात के नंबर-1 पर बने रहने की उम्मीदों को कम कर देगी। गुजरात के साई सुदर्शन टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर बने हुए हैं। उन्होंने 12 मैच में 617 रन बनाए हैं। शुभमन गिल 601 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। बुधवार को मुंबई के सूर्यकुमार यादव 73 रन बनाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 583 रन हो गए। गुजरात के ही तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 21 विकेट हैं। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद के भी 21 विकेट हैं। मुंबई के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए। लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 35 छक्के हैं। मुंबई के सूर्यकुमार यादव 30 सिक्स लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 28 सिक्स लगाकर तीसरे नंबर पर रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### साइफर्ट अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में आरसीबी में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम साइफर्ट को जैकब बेथेल की जगह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिये अपनी टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया है। आईपीएल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि साइफर्ट 24 मई से चयन के लिए उपलब्ध होंगे। साइफर्ट अधिकतम 26 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ में होने वाले मैच के लिए आरसीबी दल से जुड़ सकते हैं। वह फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कराची किंग्स के लिए खेल रहे हैं। साइफर्ट इससे पहले आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए दो मैच और कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 2021 में एक मैच खेल चुके हैं।

### टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

**मैनचेस्टर, वार्ता।** टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया। इसी के साथ टाटेनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन ने 42वें मिनट में यह गोल किया ब्रेनन जानसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टाटेनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन ने पहले हाफ (42वें मिनट) में यह गोल किया। इस जीत के साथ टाटेनहॅम 2025-26 यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। 17 साल बाद टाटेनहॅम ने मेजर ट्राफी जीती टाटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्राफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था, जब उन्होंने लीग कप अपने नाम किया था।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वाड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वार्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूर के जरिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएलके इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। वैभव ने एक शतक लगाया आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला प्ल्स्सीजन है। आयुष ने आईपीएल2025 के 6 मैचों में 206 रन बनाए। जहां उनका एवरेज 34.33 का है और स्ट्राइक रेट 187.27 का है। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए।

# मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा



**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

मुकेश कुमार को बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल एक के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी डैनियल मनो. हर द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है।

मुकेश ने कल शाम मैच के दौरान अपने चार ओवरों में दो विकेट लेकर 48 रन दिये थे। उनके द्वारा फेंके गए 19वें ओवर में सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने 6, 1, 4, 6, 6, 4 कुल 27 रन बटोरे थे। इस सत्र में मुकेश अब तक खेले 11 मैच में 32-63 की औसत और 10-11 की इकोनॉमी से 11 विकेट लिए हैं।

# मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत, प्रणॉय हुए बाहर

**■ किदांबी श्रीकांत ने आयरलैंड के खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया**



**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्जकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। यहां एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 59 मिनट तक चले मुकाबले में किदांबी ने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को सीधे गेम में 23-21, 21-17 हराकर अगले दौर में जगह बनाई। किदांबी ने पहले गेम की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखते हुए अपनी बढ़त बनाए रखा। न्हाट ने किदांबी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में किदांबी ने अंक अर्जित कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी किदांबी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड के बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल में किदांबी का मुक. ाबला फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विज. ेता एचएस प्रणॉय को 23वें रैंक के खिलाड़ी जापान के युशी तनाका से सीधे गेम में 9-21, 18-21 से हार मिली। पुरुष एकल के अन्य मुक. ाबले में आयुष शेट्टी को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 13-21, 17-21 से हार मिली, जबकि पुरुष एकल रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज सतीश करुणाकरन भी राउंड ऑफ 16 में रैंकिंग में 18वें स्थान के खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एक घंटा और सात मिनट तक चले मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मयो को 21-17, 18-21, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे।

# यूएई ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज भी जीती

**■ हैदर अली ने तीन विकेट हासिल किए, आलीशान ने नाबाद 68 रनों की पारी खेली**



**शारजाह, वार्ता।** हैदर अली (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी सीरीज जीत है। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आये। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो-तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गए। यूएई ने 19-1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने विंडीज को रौंदा

**■ सोफिया ने नाबाद 81 और हीथर ने 43 रनों की शानदार पारी खेली**



**कैंटरबरी, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सोफिया डंकली (नाबाद 81) और हीथर नाइट (43) की बेहतरीन पारियों की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 21 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। सेंट लॉरेंस ग्राउंड में बुधवार की रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने आखिर तक मोर्चा संभाले रखा। मैथ्यूज ने 67 गेंदों में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 100) रनों की पारी खेली। इसके अलावा मैंडी मैंगरु (17) और शबीका गजनबी ने (11) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की महिला टीम के लिए लॉरेन बेल ने दो विकेट लिए। लिंसी स्मिथ, एमिली आरलट और ईसी वोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए डेनिएल वायट और सोफिया डंकली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (51)रन जोड़े। छठें ओवर में जायडा जेम्स ने डेनिएल वायट (17) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मात्र पांच रन जोड़कर इंग्लैंड ने कप्तान नेट साइवर ब्रंट (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने सोफिया डंकली के साथ पारी संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच 94 रनों की मैच विजयी अविजित साझेदारी हुई। इंग्लैंड की महिला टीम ने 16-3 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज की ओर से जायडा जेम्स और एफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दीक्षा ने तैराकी व नागालैंड, मणिपुर ने पेंचक सिलाट में जीते स्वर्ण पदक

**■ दीक्षा ने 1:10:12 में पूरा कर पांच किमी. की रेस में स्वर्ण पदक जीता**

**दीव, वार्ता।** महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में गुरुवार को ताकत और सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए ओपन सी तैराकी प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वहीं पेंचक सिलाट में मणिपुर, नागालैंड और जम्मू-कश्मीर ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यहां समुद्र में हुई तैराकी प्रतियोगिता पांच किलोमीटर की रेस को 19 वर्षीय दीक्षा एक घंटा 10 मिनट 12 सेकंड पूरा कर स्वर्ण पदक जीता और वह अपनी राज्य की ही पूर्वा गावड़े (1:10:25) से सिर्फ 13 सेकंड आगे रहीं।

कर्नाटक की आसरा आर- सुधीर (1:10:29) ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले दीक्षा ने बुधवार को 10 किलोमीटर रेस में पहला स्थान हासिल किया था। पुरुषों की रेस भी बेहद रोमांचक रही, जिसमें कर्नाटक के द्रुपद रामकृष्ण ने 1 घंटा 6 मिनट 46 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर स्वर्ण पदक जीता। पेंचक सिलाट में गुरुवार को दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव और मणिपुर ने अपने सभी चार स्वर्ण पदक इसी खेल में जीते हैं। महाराष्ट्र, जो इस समय पदक तालिका में सबसे ऊपर है, ने ओपन वाटर स्विमिंग और पेंचक सिलाट दोनों में दो-दो स्वर्ण पदक जीते हैं। डीएनएचडीडी के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने भी अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट में जीतकर खासा नाम कमाया है।

नागालैंड ने भी आज दो स्वर्ण पदक जीते। जम्मू-कश्मीर के सजाद अहमद बैग ने ओडिशा के सोमि. हल गुरंग को सीनियर पुरुष श्रेणी सी (55-60 किग्रा) तांडिंग (कॉम्बैट) फाइनल में 9-0 से पराजित कर अपने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीता। यह जम्मू-कश्मीर का पहला स्वर्ण पदक है। सेपक टकरॉ में हरियाणा और केरल का दबदबा रहा। छह स्वर्ण पदक वाले खेलों में से एक सेपक टकरॉ में मुकाबले सुबह और शाम दोनों सत्रों में हुए। बुधवार देर रात, हरियाणा ने सेपक टकरॉ प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की त्रयी टीम में स्वर्ण जीतने के बाद, हरियाणा की पुरुष टीम ने युगल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की पुरुष टीम ने गोवा को 2-0 (15-4, 15-11) से हराया। इसी तरह केरल की लड़कियों की युगल टीम ने ओडिशा को 2-0 (15-4, 15-9) से हराकर आसानी से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, दिल्ली ने सेपक टकरॉ पुरुष डबल्स में कांस्य पदक जीता।

# राधिका ओझा ट्रेलब्लेजर पुरस्कार-2025 से सम्मानित

## दिव्यांग खिलाड़ियों को समान मौके दिलाने के विजन ने दिलाई नोएडा की स्कूल स्टूडेंट को उपलब्धि

नई दिल्ली, वार्ता। नोएडा की स्कूल स्टूडेंट राधिका ओझा को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल उत्कृष्टता सामुदायिक ट्रेलब्लेजर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। राधिका एक चेंजमेकर बनने की इच्छा रखती है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने कम्यूनिटीज को ट्रांसफार्म करने वाले नए इनक्लूसिव इनीशिएटिव्स का बीड़ा उठाया है।

राधिका ने दिव्यांग एथलीटों के लिए एडाप्टिव स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व काम किया है जो आशा और बदलाव की किरण के रूप में सामने आया है। कम्युनिटी ट्रेलब्लेज़र अवार्ड विशेष रूप से उन दूरदर्शी लोगों को मान्यता देता है जो खेलों में समानता, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ते हैं। खेलों को वास्तव में इनक्लूसिव बनाने के लिए राधिका की प्रतिबद्धता एक शक्तिशाली संदेश को दर्शाती है कि युवाओं के नेतृत्व में, जमीनी स्तर के प्रयास देश भर में बदलाव ला सकते हैं। राधिका ने कहा कि यह पुरस्कार उन लोगों के लिए है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। दिव्यांग एथलीट किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही समान मंच और प्रोत्साहन के हकदार हैं। मैं पिछले कुछ वर्षों में मेरे प्रयासों को मान्यता देने के लिए एसटी,वीकेजेडआरएस फाउंडेशन और समिति की वास्तव में आभारी हूं। राधिका ने दिव्यांग एथलीटों के लिए



एडाप्टिव स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व काम किया है। राधिका की जर्नी परपज ड्रिवन लीडरशिप का उदाहरण है। उन्होंने अपनी कठिन इंटरनेशनल बैकलारिएट स्टडीज के साथ प्रभावशाली सामुदायिक सेवा का संतुलन बनाया है। उन्होंने सतत विकास और सामाजिक समानता पर केंद्रित कई पहल का नेतृत्व किया है। इनमें प्रोजेक्ट राहत एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। वंचित समुदायों को टिकाऊ और मानवीय आर्किटेक्चरल सोल्यूशंस प्रदान करने वाला प्रोजेक्ट राहत राधिका के समावेशी ख्रष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें दिव्यांगों सहित सभी के लिए सुलभता और सम्मान पर जोर दिया गया है। बुनियादी ढांचे की बाधाओं को दूर कर यह प्रोजेक्ट एक ऐसे समाज की नींव रखता है जहां व्यक्ति शारी. रिक या सामाजिक कमियों के बावजूद फल-फूल सकते हैं। यह सिद्धांत है जो एडोप्टिव खेलों में उनके काम में भी सहजता से लागू होता है। पिछले 3-4 सालों में, राधिका ने दिव्यांग खिलाड़ियों के हितों की लगातार वकालत की है, जिससे उनकी अधिक भागीदारी हो, संसाधनों तक पहुंच हो और उन्हें भावनात्मक समर्थन मिले। उनका काम इस प्रचलित गलत धारणा को चुनौती देता है कि शारीरिक विकलांगता अक्षमता के बराबर है। वह जोश के साथ कहती हैं- हमारे समाज को दिव्यांगों के लिए खेलों को असामान्य चीज के रूप में देखना बंद कर देना चाहिए। इसे किसी भी अन्य खेल की तरह आम होना चाहिए। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है- एडोप्टिव खेल मुख्यधारा में आने चाहिए, उन्हें मजबूत संस्थागत समर्थन और सार्वजनिक मान्यता मिलनी चाहिए। ओलिंपिक खेलों के निष्पक्षता और समान अवसर के सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुए राधिका एक ऐसे भारत की कल्पना करती हैं जहां दिव्यांग युवा गर्व और आत्मविश्वास के साथ अपने एथलेटिक सपनों को पूरा कर सकें।

# भारत का कड़ा रुख

गुरुवार को भारत ने एक बार फिर अपने पुराने स्टैंड को दोहराया कि पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा और आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता समाप्त किए जाने के बाद ही यह संपर्क हो सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी नियमित प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि भारत अपने स्टैंड से जरा भी पीछे हटेगा। उन्होंने साफ किया कि बातचीत और आतंक एकसाथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान के साथ तभी बातचीत संभव हो सकती है जब पाक भारत द्वारा सौंपी गई आतंकियों की सूची के अनुसार आतंकियों को भारत को सौंपे। जहां तक बात कश्मीर की है, जम्मू कश्मीर पर कोई बात नहीं होगी और जब कभी भी बात होगी तो कश्मीर के उस भाग पर होगी जिस पर जबरन तरीके से पाक ने कब्जा किया हुआ है। जल संधि पर भी उन्होंने भारत के नजरिये को उचित ठहराया। जल संधि को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द और रक्त एकसाथ नहीं बह सकते। हालांकि गुरुवार को भी पीएम मोदी ने राजस्थान के बिकानेर जिले के दौरे पर सरकार के नजरिये को साफ किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा और न टाल्क। अगर बात होगी तो पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर यानि पीओके पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं गिरा सकती। जायसवाल ने तुर्कीय और चीन को भी नसीहत दी और कहा कि आतंकवाद के समर्थन में खड़ा होना पूरी मानवता के खिलाफ खड़ा होने जैसा है और इससे भारत के साथ उनके संबंधों को चोट पहुंचेगी। जायसवाल का कहना था कि भारत उम्मीद करता है कि तुर्की दृढ़ता से पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद के खिलाफ तुर्कीय समर्थन करने और दशकों से पनाहगाह रहे आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। उनके कहने का मतलब साफ था कि संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत-पाक तनाव के बीच जिस तरह का आचरण तुर्कीए व चीन की तरफ से देखने में आया वह जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता, बल्कि इससे साफ हो जाता है कि ये दोनों देश आतंकवाद को लेकर गंभीर नहीं हैं। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसलिए इससे पार पाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह मसला केवल पक्ष विपक्ष में जाने का भी नहीं है, क्योंकि आतंकवाद से किसी का भला नहीं होने वाला। भारत ने जिस तरह पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर पाक पर स्ट्राइक की, जिसमें सौ से अधिक आतंकी मारे गए, बताता है कि भारत की लड़ाई केवल आतंकवाद से है। किसी देश या नागरिक से नहीं। भारत ने साफ भी किया कि सर्जिकल स्ट्राइक में पाक सेना या वहां के नागरिकों का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं



उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं
विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है, अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए, उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए, इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए, किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए, उनका जो फंड होता है, सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा, विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है।

**-जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# भविष्य की महामारियों से निबटने के लिए WHO एक ऐतिहासिक समझौते की ओर

वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया कोविड-19 जैसी भयावह महामारी से उबरने की प्रक्रिया में है, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है कि भविष्य में ऐसी किसी भी वैश्विक स्वास्थ्य आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। WHO अब एक ऐतिहासिक वैश्विक समझौते की दिशा में अग्रसर है जिसका उद्देश्य है एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना जो न केवल प्रतिक्रियात्मक हो, बल्कि पहले से तैयार, लचीली और समन्वित भी हो।

## महामारी से सीख

कोविड-19 महामारी ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया। असमान स्वास्थ्य सुविधाएं, सीमित संसाधन, दवाओं और टीकों का असमान वितरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान की धीमी प्रक्रिया ने साबित किया कि एक देश की कमजोरी पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कमी और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति श्रंखला में बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर समय रहते प्रभावी वैश्विक रणनीति नहीं बनाई गई, तो भविष्य की महामारियां और भी विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं।

## डब्ल्यूएचओ की भूमिका

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 1948 में हुई थी और तब से लेकर अब तक यह संगठन विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संकटों से निपटने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भले ही WHO को कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो, परंतु उसने विज्ञान आधारित मार्गदर्शन, टीकाकरण की पहल और वैश्विक समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।

अब WHO का लक्ष्य केवल संकट का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि उससे पहले की तैयारी सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत महामारी संधि Pandemic Accord का विचार सामने आया है।

## ऐतिहासिक पहल-महामारी संधि

2021 में, WHO की सदस्य देशों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। एक ऐसी वैश्विक संधि की शुरुआत करना जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए एक साझा रणनीति, पारदर्शिता और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करना है। इस संधि को आधिकारिक रूप से Pandemic Prevention Preparedness and Response Accord कहा जा रहा है।

इस संधि के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं

**प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना**

नई और उभरती बीमारियों की जानकारी तुरंत साझा करना ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

**अनुसंधान और नवाचार में सहयोग**

टीके, दवाएं, और निदान तकनीकों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

**समानता आधारित वितरण प्रणाली**

महामारी के समय आवश्यक संसाधनों का सभी देशों तक न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करना, विशेषकर विकासशील देशों के लिए।

**स्वास्थ्य संरचना को सशक्त बनाना**

वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता देना।

**प्राकृतिक और मानव निर्मित जोखिमों की निगरानी**

जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक रोग) की निगरानी करना और उन पर समय रहते नियंत्रण पाना।

## वैश्विक प्रतिक्रिया और भागीदारी

इस संधि को लेकर अधिकांश देशों ने सकारात्मक रुख अपनाया है, विशेष रूप से यूरोपीय संघ, अफ्रीका के कई राष्ट्र और भारत जैसे विकासशील देश। हालांकि कुछ विकसित देशों ने संप्रभुता के मुद्दे पर चिंता जताई है कि एक वैश्विक समझौते से उनकी स्वतंत्र निर्णय लेने की शक्ति सीमित हो सकती है। इसके बावजूद, इस विचार को व्यापक समर्थन मिल रहा है कि यदि दुनिया को भविष्य में एकजुट रहना है, तो साझा दिशा और प्रतिबद्धता अनिवार्य है।

## भारत की भूमिका

भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल के अंतर्गत 100 से अधिक देशों को टीके भेजकर वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में अपनी सक्रिय भूमिका को दर्शाया। भारत की मजबूत दवा उद्योग, बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेषज्ञता ने उसे एक अग्रणी खिलाड़ी बना दिया है। WHO के नए समझौते में भारत जैसे देशों से अपेक्षा की जा रही है कि वे नवाचार, अनुसंधान और उत्पादन की क्षमता का उपयोग कर वैश्विक स्तर पर महामारी की तैयारी में नेतृत्व करें।

## चुनौतियांः सिद्धांत व व्यवहार में अंतर

हालांकि यह संधि बेहद आवश्यक और उपयोगी है, परंतु इसके क्रियान्वयन में कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं-




राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमीरू कई देशों के लिए अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक समझौते के तहत सीमित करना कठिन हो सकता है।

**वित्तीय प्रतिबद्धता**- महामारी की तैयारी के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसे सभी देश वहन नहीं कर पाएंगे।

**डेटा की पारदर्शिता**- कुछ देश महामारी संबंधी जानकारी साझा करने में हिचकिचाते हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली कमजोर पड़ सकती है।

**नैतिक और कानूनी सवाल**- किस हद तक WHO को हस्तक्षेप का अधिकार होगा, और क्या कोई वैश्विक संस्था संप्रभु राष्ट्रों को बाध्य कर सकती है?

**समाधान की दिशा में पहल**- इन चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाना। महामारी से संबंधित जानकारी आम जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठ्क्रमों में शामिल करना।

WHO का यह प्रयास कि सभी देश एक साझा स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाएं, न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयुक्त है, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी आवश्यक है। कोविड-19 जैसी आपदाएं यह सिखा चुकी हैं कि वायरस सीमाओं का सम्मान नहीं करते। ऐसे में एक वैश्विक, समन्वित और न्यायपूर्ण रणनीति ही एक सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

भारत जैसे देश, जो जनसंख्या, संसाधन और विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, इस समझौते में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। WHO द्वारा प्रस्तावित महामारी संधि एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा दस्तावेज जो आने वाले समय में लाखों जीवनों की रक्षा कर सकता है। अब यह हम सब पर निर्भर करता है कि हम इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ कैसे उठाते हैं, क्या हम फिर एक संकट का इंतजार करेंगे या अब से तैयारी शुरू करेंगे?

**चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें।**

# हंसना, रोना, ब्रेकअप के बाद क्या किया आपने

ब्रेकअप के बाद आप कैसे रिएक्ट करते हैं? मैं हंसी, जैसे मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो यह मानने से इन्कार कर रहा था कि अभी क्या हुआ था। फिर मैं रोई, उस तरह का रोना जो आपके सीने में दर्द पैदा कर दे और आपके विचार बिखर जाएं।

उसके बाद, मुझे ईमानदारी से याद नहीं है। अब सब कुछ धुंधला है, एक दूर का दर्द जो कभी दुनिया के अंत जैसा लगता था। ब्रेकअप गड़बड़, अप्रत्याशित और बेहद निजी होते हैं और जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है-कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं।

वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं। आइए उन्हें एक्सप्लोर करें, हो सकता है कि आप इनमें से किसी एक कहानी में खुद को थोड़ा सा देख पाएं।

इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने भावनात्मक पैटर्न की पहचान करने और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए लगभग 661 वयस्कों की जांच की। अध्ययन में प्रतिभागियों से पूछा गया कि अगर उनके साथी उनसे अलग हो गए तो वे कैसे व्यवहार करेंगे। परिणामों से पता चला कि अधिकांश लोगों ने उदास महसूस करने, कारण पूछने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने की बात कही। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर 13 प्रमुख श्रेणियों की पहचान की, जिनमें उदासी और उत्तर चाहने से लेकर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी या बदला लेने की कोशिश जैसी तीव्र प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। एक अध्ययन में पाया गया कि जब लोग अपने साथी से अलग होते हैं, तो उनकी प्रतिक्रियाएं तीन मुख्य प्रकार की होती हैं-



**1. स्वीकृति और आगे बढ़ना**

कुछ लोग ब्रेकअप को स्वीकार कर लेते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। वे अपने जीवन में व्यस्त रहते हैं और खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**2. उदासी और अवसाद**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद उदास महसूस करते हैं और रोते हैं। वे अपने दुख को व्यक्त करने के लिए चिकित्सा की तलाश भी कर सकते हैं।

**3. आक्रामकता और विनाशकारी व्यवहार**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद क्रोधित हो जाते हैं और बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं। वे अपने गुस्से को व्यक्त करने के लिए भावनात्मक विस्फोट भी कर सकते हैं।

## आकर्षण का खेल, पुरुष और महिला एक-दूसरे में क्या पसंद करते हैं

हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? एक हालिया अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके पता लगाया गया कि चेहरे के कौन से हिस्से हमारा ध्यान सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। अध्ययन के अनुसार, पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर अधिक ध्यान देती हैं। यह लिंग के आधार पर हमारे आकर्षण के मानकों को दर्शाता है। चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके 154 वयस्कों की नजरों का विश्लेषण किया गया, जिन्हें 40 विविध चेहरों की तस्वीरें दिखाई गई। यह अध्ययन चेहरे की आकर्षकता के बारे में नई जानकारी प्रदान करता है।

**पुरुषों और महिलाओं की पसंद में क्या अंतर है?**

एक अध्ययन में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटा गया था, आकर्षण का मूल्यांकन करने वाले, कॉस्मेटिक सर्जरी के संकेतों की खोज करने वाले और बिना किसी विशिष्ट कार्य के चेहरों को देखने वाले। प्रतिभागियों ने 10 सेकंड के लिए चेहरों को देखा, और उनकी नजरों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि सभी समूहों ने चेहरे के केंद्रीय त्रिभुज पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन आकर्षण का मूल्यांकन करने वालों ने मुंह, नाक और गालों पर अधिक समय बिताया। एक अध्ययन में पाया गया कि आकर्षक माने जाने वाले चेहरे केंद्रीय त्रिभुज, मुंह और बालों पर अधिक समय तक देखते हैं, जबकि माथे और गर्दन पर अधिक ध्यान कम आकर्षक रेटिंग से जुड़ा है।

# कैरियर का अभिन्न हिस्सा है खुद को पेश करने की कला

ज्ञान के साथ-साथ खुद को पेश करने की कला यानी सेल्फ प्रेजेंटेशन भी सफल कैरियर का अभिन्न हिस्सा बन गया है। समय-समय पर हुए सर्वेक्षणों के आंकड़े भी इस ओर इशारा करते हैं कि बेहतर नौकरी पाने के लिए तकनीकी कुशलता का महज 15 फीसदी योगदान होता है जबकि बचा हुआ 85 फीसदी सामाजिक और व्यावसायिक सलीके से होता है। यही वजह है कि हमें डिग्रियों या तकनीकी कुशलता के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर विशेषतौर पर फोकस करना चाहिए। इसके अलावा खुद को पेश करने की उस कला में भी पारंगत होना होगा।

## व्यक्तित्व का करें विकास

यूं तो आज बाजार में बेहतर से बेहतर अवसरों के विकल्प मौजूद हैं। नौकरी पाने वालों के लिए भी और नौकरी देने वालों के लिए भी। शायद नौकरी देने वालों के लिए विकल्प बड़ी तादाद में उपलब्ध हैं और नौकरी करने वालों के सामने विकल्प संघर्ष का विषय है। सवाल है ऐसे में क्या किया जाए? यहां भी जवाब है कि खुद को पेश करने की कला में स्मार्ट हुआ जाए। ताकि हम पहली ही मुलाकात में अपने व्यक्तित्व के मामले में आकर्षक और अपनी ओर ध्यान खींचने वाले साबित हो सकें। नौकरी हासिल करने के संघर्ष के दौरान अपने गुड लुकिंग, स्मार्ट और ऊर्जावान होने के साथ-साथ हम शिष्टाचार, मेकअप व लीडरशिप को भी शामिल करें।

## खुद में विकसित करें गुणों को

जब तक हम ज्ञान और जरूरी जानकारियां हासिल नहीं कर लेते तब तक लीडरशिप नहीं निभा सकते। आत्मविश्वास तभी आता है, जब हम ज्ञान से लबरेज हों। भविष्य बनाने के लिए जानना बहुत जरूरी है कि स्कूल, समाज, पार्टी और फिर व्यावसायिक व्यवस्था में कैसे व्यवहार करना चाहिए? आत्मविश्वास, शिष्टाचार,सज्जा-शृंगार, टेबल मैनर्स, बॉडी लैंग्वेज में सुधार, बातचीत का सलीका, उच्चारण का प्रशिक्षण, क्रोध प्रबंधन, साथियों का दबाव, स्ट्रेस मैनेजमेंट, डाइनिंग एटिकेट्स, सोशल मैनर्स, आत्मसम्मान में वृद्धि, भावनात्मक जागरूकता आदि कुछ ऐसे विषय हैं जो आज की दुनिया में काफी महत्वपूर्ण हैं। व्यक्तित्व आपके लिए कई दरवाजे खोल देता है।



## खुद का मूल्यांकन, फिर पहल

खुद को पेश करने की कला में पारंगत होने के लिए सबसे पहले जानें कि कमी कहां है? क्या अभी अपने कैरियर के लिए तड़का लगाना बाकी है? सामान्यतः लोग अकसर अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं होते। दरअसल, उनके दिमाग में सवाल कौंधता है कि कहीं लोग उनका मजाक तो नहीं उड़ाएंगे?

## आत्मविश्वास की डगर

अगर आप सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो शुरुआती दिनों में आपके आइडियाज पर लोग हंसेंगे, उनका मजाक बनाएंगे, नकार देंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हैं। असल में आपमें वो काबिलियत है, जिसे लोग उभरने नहीं देना चाहते। लोग आपके आइडिया पर हंस रहे हैं तो उसे अमल. ीजामा पहना दें।

## खुद की मार्केटिंग

कहते हैं कि आजकल पैसा कमाना सबसे आसान है। वहीं ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह कहते हैं कि अब पैसा कमाने सबसे मुश्किल है। दोनों ही बातें सही हैं। अगर आप खुद को प्रेजेंट नहीं कर सकते तो जाहिर है आप पैसा नहीं कमा सकते। दरअसल खुद को मार्केट करना सबसे जरूरी है।

## व्यक्तित्व का करें विकास

माना जाता है जो प्रोडक्ट विज्ञापन की दुनिया से बाहर हो जाता है, उसकी बिक्री में खासी कमी आ जाती है। ठीक यही रूल अपने सफल जीवन के लिए भी अहम है। खुद को पेश करना एक कला है। इस कला में पारंगत होना बहुत जरूरी है। लेकिन इसके लिए यह न सोचें कि फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन इस तरह के नियमों पर विश्वास न करें। बाजार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो धीरे-धीरे दूसरों के सामने अपनी परत-दर-परत खोलते हैं। बहरहाल असली मुद्दा यह है कि आप खुद को जैसे पेश करेंगे, वैसी ही सफलता आपकी राह ताक रही होगी। खुद को पेश करना सीख गए तो समझें कैरियर में गर्मागर्म तड़का लग चुका है।

## गोंद कतीरा से बनाएं यह टेस्टी ड्रिंक, गर्मियों में रहेंगे कूल



गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिर्ल. चलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है। ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

**पुदीना-नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी**

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें। अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें। एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें। इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें। बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

# अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

## यहूदी म्यूजियम के बाहर फ्री फलस्तीन का नारा लगाकर गोली मारी, दोनों मृतक शादी करने वाले थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फलस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजरायली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास राड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फलस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था। हमले में यारोन लिस्चिन्स्की और उनकी प्रेमिका साराह मिल्ग्रिम की मौत हो गई है। पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर




**मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है**

निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का आफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। एफबीआई की ज्वाइंट टेररिज्म टास्कफोर्स इस घटना की जांच में जुट गई है।

## बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए शर्तें रखी



**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रमुख शर्तें रखीं, जिनमें सभी बंधकों की रिहाई, एन्क्लेव का विसैन्यीकरण और फलस्तीनी आंदोलन हमास के नेतृत्व को वहां से बाहर निकालना शामिल है। नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं स्पष्ट शर्तों पर युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हूं, जो इजरायल की सुरक्षा की गारंटी देंगी, सभी बंधक घर लौट आएंगे, हमास अपने हथियार डाल देगा, सत्ता छोड़ देगा और उसके नेतृत्व को पट्टी से बाहर निकाल दिया जाएगा। गाजा पूरी तरह से विसैन्यीकृत रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लागू करना भी जरूरी है, जिसे उन्होंने बहुत 'सही और क्रांतिकारी' बताया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इसमें एक साधारण बात कही गई है, गाजा के निवासी जो छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी देश जो इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इजरायल से शत्रुता समाप्त करने का आह्वान कर रहे हैं, वास्तव में, हमास को गाजा पट्टी में सत्ता बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं। इजरायल ने पिछले सप्ताह गाजा पट्टी में 'ऑपरेशन गिदोन' के रथ के हिस्से के रूप में एक नया हमला शुरू किया, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह अंततः हमास को धूल चटा देगा। कतर में मध्यस्थता वार्ता के समानांतर हो रही है, जिसमें युद्धविराम और इजरायली बंधकों को रिहा करने का समझौता शामिल है।

# माइक्रोसॉफ्ट पर इंटरनल मेल से फलस्तीन-गाजा शब्द हटाने का आरोप

## सत्य नडेला की स्पीच में फ्री फलस्तीन के नारे लगे

**मुंबई।** अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट पर आरोप लगा है कि उसने कर्मचारियों की इंटरनल मेल में 'फलस्तीन', 'गाजा' और 'नरसंहार' जैसे शब्दों को हटाना करना शुरू कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब कंपनी के एक इंजीनियर ने सोमवार को सीईओ सत्या नडेला की स्पीच के दौरान फ्री फलस्तीन के नारे लगाए।

माइक्रोसाफ्ट के एक इंजीनियर ने मेल शेयर करते हुए कंपनी पर नरसंहार जैसे शब्द फिल्टर करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कंपनी के कुछ कर्मचारी इजरायली सेना को एआई टेक्नोलाजी बेचने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इजरायली सेना टेक्नोलाजी का उपयोग गाजा में नरसंहार के लिए कर रही है। माइक्रोसाफ्ट बिल्ड कान्फ्रेंस 2025 के तीसरे दिन भारतीय मूल की वान्या अग्रवाल ने

**इससे पहले वान्या ने माइक्रोसॉफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध किया था**




कंपनी के एआई सुरक्षा प्रमुख नेता हैबी के सेशन को बीच में रोककर इजरायल सरकार के साथ क्लाउड समझौतों के खिलाफ नारेबाजी की। वान्या और उनकी साथी होस्साम ने हैबी के सेशन को डिस्टर्ब करते हुए कहा कि 'माइक्रोसाफ्ट, खून के पैसे नहीं चलेंगे'। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि माइक्रोसाफ्ट की इजरायली सरकार और सेना को दी जा रही एआई-क्लाउड सेवाएं गाजा में युद्ध अपराधों में इस्तेमाल हो रही हैं। वान्या ने बीबीसी को इंटरव्यू में कहा था, टेक कंपनियां मानवाधिकारों से आंखें नहीं मूंद सकतीं। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। सीईओ सत्या नडेला, बिल गेट्स और स्टीव वाल्मर के सेशन में कहा था कि माइक्रोसाफ्ट इजरायल को एआई हथियार बेच रही है, इससे 50,000 लोग मारे जा चुके हैं।

## पाक, ईरान से 3300 से अधिक अफगान परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से पिछले सप्ताह 3119 अफगान परिवार स्वदेश लौटे है, जिनमें कुल 18640 सदस्य हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा क्रॉसिंग, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा क्रॉसिंग और दक्षिणी हेलमंद प्रांत में बहरामचा सीमा क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से स्वदेश लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।



**नई दिल्ली। बुधवार को तेज हवाओं और बारिश के कारण उखड़े पेड़ के नीचे दबे वाहन।**


# स्कूल बस हमले के जिम्मेदार को सजा दिलाएंगे: शहबाज

## भारत पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया, दिल्ली बोला: ध्यान भटकाने की कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार इलाके में मंगलवार को एक स्कूल बस को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इस धमाके में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये स्कूल बस करीब 40 छात्रों को लेकर स्कूल जा रही थी, जब रास्ते में जीरो प्वाइंट के पास धमाका हो गया। घायल बच्चों को क्वेटा के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है।

हमले के बाद पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर खुद क्वेटा पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस हमले के पीछे 'फितना अल हिंदुस्तान' को जिम्मेदार बताया। उन्होंने दावा किया कि यह भारत समर्थित आतंकी

**भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा, उन्होंने एक बार फिर से दावा किया: पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी: शहबाज**



ग्रुप है। भारत ने पीएम शहबाज के आरोप का खंडन किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है। आतंकवाद से ध्यान भटकाने की ये पाकिस्तान की एक और रणनीति है। पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपनी आतंकवाद समर्थक छवि और आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए हर बार भारत पर आरोप मढ़ता है। बलूचिस्तान के खुजदार में बच्चों को ले जा रही बस पर बुधवार को आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ बुधवार को इस्लामाबाद में मीडिया से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी। अगर पाकिस्तान ने ऐसा किया होता, तो पूरी दुनिया को पता होता।

शरीफ ने कहा कि दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री आपरेशन (डीजीएमओ) के बीच बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि दोनों तरफ के सैनिक 7 मई को संघर्ष शुरू होने से पहले वाली पोजिशन पर लौट जाएंगी। शरीफ से पूछा गया कि क्या संघर्ष के दौरान भारत में इजरायली कर्मचारी मौजूद थे, तो शरीफ ने कहा- रिपोर्ट्स हैं कि इजरायली भारत में थे। इजरायल ने युद्ध के दौरान भारत को बहुत समर्थन दिया, लेकिन जीत हमारी हुई।

# ट्रम्प प्रशासन की आयात शुल्क नीतियों का विरोध

## 12 अमेरिकी प्रांतों ने संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 12 प्रांतो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिबरेशन डे आयात शुल्क को रोकने के लिए संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया। याचिका में दावा किया गया कि राष्ट्रपति ने अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर व्यापक कर लगाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल का आह्वान करके अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है।

न्यूयॉर्क शहर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने न्यूयॉर्क और इलिनोइस सहित 12 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा दायर मुकदमे में दलीलों की समीक्षा की। मुकदमा दायर करने वाले प्रांतो ने तर्क दिया कि ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम की गलत व्याख्या की है, इसे आयात शुल्क लगाने के लिए ब्लैंक चेक के रूप में उपयोग



किया है। आने वाले हफ्तों में फैसला आने की उम्मीद है। केंटकी रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने हाल ही में एबीसी के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प की आक्रामक टैरिफ रणनीति पर हमला किया और इसे एक आर्थिक भ्रांति पर आधारित बताया और कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लागू करने के राष्ट्रपति के फैसले का विरोध किया।

## ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों के निर्वासन में अदालत की अवहेलना की

वाशिंगटन। अमेरिका की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों को साउथ सूडान वापस भेजने का प्रयास करके उसके पिछले आदेश का उल्लंघन किया है। जिला न्यायाधीश मर्फी ने एक सुनवाई में कहा कि प्रशासन ने उनके अप्रैल में जारी आदेश का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी प्रशासन किसी भी प्रवासी को तब तक निर्वासित नहीं कर सकता जब तक उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय न दिया जाए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन मर्फी ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि प्रशासन ने अप्रैल में जारी एक अस्थाई आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें अधिकारियों को लोगों को उनके अपने देश के अलावा अन्य देशों में निर्वासित करने से पहले पर्याप्त समय देने से रोक दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सात प्रवासियों को सोमवार रात सूचित किया कि उन्हें दक्षिण सूडान में निर्वासित किया जा सकता है, जो कि उन्हें विमान में चढ़ने से 24 घंटे से भी कम समय पहले था, जो 'स्पष्ट रूप से अपर्याप्त' नोटिस था। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्रवाई अदालत के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

## अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता: ईरान ने ओमान के प्रस्ताव पर जताई सहमति

**तेहरान।** ईरान ने शुक्रवार को रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर के लिए ओमान के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाघई ने एक बयान में कहा कि ईरान के वार्ता दल परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के संबंध में राष्ट्र के अधिकारों और हितों की रक्षा करने और उनका पालन करने में दृढ़ है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। ओमान की मदद से ईरान और अमेरिक के प्रतिनिधिमंडलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर अप्रैल से अब तक चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। चौथे दौर की वार्ता 11 मई को मस्कट में आयोजित की गई थी।

# अमेरिका के सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश

सैन डिएगो। अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फयूल फैल गया है। हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी लेना और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। प्लेन हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चल सकी है।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना 550 प्लेन मान्टगोमरी-गिब्स एक्जीक्यूटिव एयरपोर्ट के पास क्रैश हुआ। विमान में कितने लोग सवार थे, अभी इसकी जानकारी नहीं है। यह विमान छह से आठ लोगों को ले जा सकता है। यह हादसा सुबह करीब 3.47 बजे टिएरासांता के पास सैल्मन स्ट्रीट के 3100 ब्लॉक में हुआ, जो एक मिलिट्री रेसिडेंस



**15 घरों में लगी आग कोहरे की वजह से हुआ हादसा, हादसे वाली जगह को खाली कराई गई**

एरिया है। सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू के डिवीजन चीफ डैन एडी के मुताबिक अभी तक किसी को घटनास्थल से हास्पिटल नहीं ले जाया गया है। कई घर और गाड़ियां आग में घिर गई। डैन एडी ने कहा हमारे पास हाजमैट की टीम है। हमने जरूरी संसाधनों की मांग की है। हम सेना के साथ भी काम कर रहे हैं। हमारा पहला टारगेट यह है सभी घरों को खाली कराना। इसके बाद हम गाड़ियों और फिर विमान की तलाशी लेंगे।

## रूस ने थल सेना के नए कमांडर-इन-चीफ की नियुक्ति की

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्री एंड्री रेमोविच बेलौसोव ने कर्नल जनरल एंड्री निकोलायेविच मोर्डविचव को थल सेना का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। रूसी सैन्य समाचार पत्र रेड स्टार ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में बेलौसोव ने जनरल मोर्डविचव को थल सेना कमान स्टाफ से मिलवाया और उन्हें एक अनुभवी लड़ाकू अधिकारी बताया। जनरल मोर्डविचव ने विशेष सैन्य अभियान के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता का पूरा प्रदर्शन किया है। जनरल मोर्डविचव ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव की जगह ली है, जिन्हें हाल ही में रूस की सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया गया था। वर्ष 1976 में जन्मे जनरल मोर्डविचव ने नोवोसिबिर्स्क हायर मिलिट्री कमांड स्कूल और बाद में जनरल स्टाफ अकादमी से स्नातक किया। उनके करियर में सेंट्रल और सदर्न मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट दोनों में प्रमुख नेतृत्व पद शामिल हैं।

# यूक्रेन के पूर्व शीर्ष अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक अमेरिकी स्कूल के बाहर यूक्रेन के पूर्व प्रमुख अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिकारियों ने इस घटना पुष्टि की है कि 51 वर्षीय एंड्री पोर्टनोव शहर के पॉज़ुएलो डी अलारकोन क्षेत्र में स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़कर स्कूल की पार्किंग में अपनी कार की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं और फिर एक जंगल के इलाके की ओर भाग गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोर्टनोव विक्टर यानुकोविच के प्रशासन में सांसद और उप प्रमुख थे, जो रूसी राष्ट्रपति समर्थक थे और 2014 में महीनों के विरोध प्रदर्शन के बाद उन्हें पद से हटा दिया

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं**

गया था। वह पहले यूलिया टिमोशेंको की गवर्निंग पार्टी में सांसद थे, लेकिन 2010 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यानुकोविच की टीम में चले गए। उन्होंने यूक्रेन छोड़ दिया था और वर्ष 2019 में वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने फिर से यूक्रेन छोड़ दिया और 2021 में अमेरिकी ट्रेजरी ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें 'एक कोर्ट फिक्सर के रूप में व्यापक रूप से जाना जाता था। पुलिस ड्रोन और एक हेलीकॉप्टर से हत्यारे की तलाश में इलाके की तलाशी ली।

# रूस और यूक्रेन शांति समझौते पर काम चल रहा

**मॉस्को।** क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने घोषणा की है कि संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए ज्ञापन पर काम सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहा है।

पेसकोव ने प्रेस ब्रीफिंग में कल कहा कि अधिकांश काम 'स्पष्ट कारणों से' गोपनीय बना हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस किसी भी देश के प्रयासों के लिए खुला है जो रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने में योगदान देने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच आगे की बातचीत के लिए स्थान फिलहाल निर्धारित नहीं किया गया है। इस बीच, रूस एक हजार बंदियों को



शामिल करने वाले कैदी विनिमय समझौते को लागू करने के लिए काम कर रहा है, जो तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ हुआ था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के साथ संभावित शांति समझौते की रूपरेखा के लिए एक मसौदा ज्ञापन तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। यह ज्ञापन संकट को हल करने के सिद्धांत, संभावित शांति समझौते की समय सीमा और अस्थाई संघर्ष विराम की शर्तों जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। ट्रम्प के साथ कल बातचीत के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन क्षेत्रीय मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा या अपने क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ट्रम्प से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उनके देश की भागीदारी के बिना नहीं लिया जाए।

Recruitment For Teaching Staff

Assistant professor Law

Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)

Salary As per Govt. Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com